卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 293 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(उधमसिंहनगर) ♦रविवार ♦4 अगस्त 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## प्रदेश में सुशासन और पारदर्शी कार्य संस्कृति हमारी प्राथमिकता: धामी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नैनीताल फारियादियों की समस्याओं को सुना। उन्होंने कई समस्याओं के समाधान के से बेहद सादगी और अपनेपन से मुलाकात की। इस दौरान कई





जनपद के दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन रविवार को सर्किट हाउस काठगोदाम में स्थानीय लोगों से भेंट की और तमाम लिए मौके पर ही सम्बंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिये। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सर्किट हाउस में सभी लोगों कार्यकर्ताओं और लोगों ने उन्हें अपनी समस्याओं से सीएम को अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने सभी (शेष पृष्ठ सात पर)

## अनियंत्रित स्कॉर्पियो रेलिंग तोड़ गंगा में गिरी

हरिद्वार(उद संवाददाता)। कनखल थाना क्षेत्र स्थित शंकराचार्य चौक के समीप तिरछे पुल पर तेज रफ्तार स्कॉर्पियों कार देर रात अनियंत्रित होकर पुल की रेलिंग तोड़ते हुए गंगा में जा गिरी। घटना से राहगीरों के होश उड़ गये। घटना के बाद आस पास के लोग मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी पुलिस को दी। कुछ साहसी राहगीरों व आसपास के लोगों ने गंगा में उतर कर कार में फंसे चार लोगों को बाहर निकालकर जिला अस्पताल ले जाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती रात रूड़की की ओर से तेज रफ्तार से हरिद्वार की ओर आ रही काले रंग की स्कॉर्पियों कार (शेष पृष्ठ सात पर)



## विवाह समारोह में युवती से छेड़छाड,चौकी में हंगामा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत रात्रि मौहल्ला शिवनगर में आयोजित एक विवाह समारोह में आई युवती से कुछ युवकों द्वारा की गई छेड़छाड़ के बाद दो पक्षों में मारपीट हो गई। जानकारी मिलने पर पुलिस ने युवती के दो भाईयों व उनके एक करीबी तथा दूसरे पक्ष के एक युवक को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया। जिसके बाद एक नेत्री के दबाव में पुनिस ने दूसरे पक्ष के युवक को छोड़ दिया। जिससे लोगों ने चौकी में हंगामा शुरू कर दिया उन्होंने पुलिस की एक तरफा कार्रवाई की कड़े शब्दों में निंदा की। आज दोपहर दोनों पक्षों में समझौते के बाद पुलिस ने पकड़े गये तीनों युवकों को रिहा कर दिया। जानकारी के अनुसार गत रात्रि आवास विकास चौकी क्षेत्रांर्गत मौहल्ला शिव नगर में सितारगंज से बारात आई थी। जिसमें शामिल मौहल्ले की एक युवती से कुछ युवकों ने छेड़छाड़ कर उससे उसका मोबाईल नम्बर मांगना शुरू कर दिया। इस दौरान जब एक युवक ने युवती का हाथ पकड़ा तो युवती ने उसे थप्पड़ मार दिया। जिससे वहां खलबली मच गई। जानकारी मिलने पर युवती के भाई मौके पर आ पहुंचे और कल्याणी व्यू में दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई। जिससे वहां (शेष पृष्ठ सात पर)



## ट्रेन की चेपट में आने से फौजी गंभीर

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से उतरते समय ट्रेन की चपेट में आने से एक फौजी गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में फौजी का एक हाथ और एक पैर कट गया। उसे गंभीर हालत में सुशीला तिवारी चिकित्सालय भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुयी है। जानकारी के मुताबिक आर्मी कैंप इलाहाबाद में तैनात मूल रूप से क्वैरला द्वारसैन अल्मोड़ा निवासी नायब सूबेदार राजेन्द्र सिंह छुट्टी पर घर आ रहे थे। सुबह सवा नौ बजे हावड़ा एक्सप्रेस ट्रेन जब हल्द्वानी स्टेशन पहुंची तो ट्रेन से उतरते समय समय पैर फिसलने से वह ट्रेन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना से मौके पर हड़कम्प मच गया। आनन फानन में जीआरपी पुलिस घायल फौजी को लेकर सुशीला तिवारी अस्पताल पहुंची।घटना में राजेंद्र सिंह अधिकारी का एक हाथ और एक पांव कट गया, जिसके चलते काफी खून बहने से उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। सूचना पर फौजी के परिवार के लोग भी सुशीला तिवारी अस्पताल पहुंच गये।



## अब किच्छा कोतवाल पर लगे गंभीर आरोप

### उत्पीड़न के खिलाफ अधीनस्थ कर्मचारियों ने महानिदेशक को भेजा शिकायती पत्र

किच्छा(उद संवाददाता)। जनपद में थाना प्रभारियों के कारनामों की चर्चाओं पर विराम लगना मुश्किल हो रहा है। पंतनगर थाना इंचार्ज के कथित वीडियो वायरल के बाद अब कोतवाली किच्छा के प्रभारी सुंदरम शर्मा पर उनके ही अधीनस्थ कर्मचारियों द्वारा पुलिस महानिदेशक को भेजे गए पत्र में लगाए गए गंभीर आरोपों का चार पेज का पत्र जिसमें 20 बिंदुओं की शिकायत की गई है। सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। पत्र में लगाए गए आरोपों के अनुसार कोतवाली प्रभारी सुंदरम शर्मा जांच के घेरे में आते नजर आ रहे हैं। पत्र में इतने गंभीर आरोप लगाए गए हैं कि उनका उल्लेख करना भी मुश्किल हो गया है। आरोपों का यह पत्र तेजी से वायरल हो रहा है जो कि पीडीएफ फाईल में है। पत्र में कोतवाली प्रभारी पर सबसे गंभीर आरोप यह लगाया गया है कि वह अपने अधीनस्थ कर्मचारियों का उत्पीड़न कर रहे हैं तथा चहेतों को खुली छूट दे रखी है। यही नहीं पत्र में एक बिंदु पर इससे भी बड़ा गंभीर आरोप लगाया गया है और यह भी कहा गया है कि गणना के नाम पर सबसे ज्यादा उत्पीड़न किया जा रहा है और यदि प्रभारी के आदेश का पालन नहीं किया जाता है तो गैर हाजिरी सहित तमाम बिंदुओं पर अधीनस्थ कर्मचारियों की रिपोर्ट लिख दी जाती है जबकि स्वयं नियमों का उल्लंघन करते फिर रहे हैं। यह भी गंभीर आरोप लगाया गया है कि खनन माफिया शराब माफिया तथा अन्य अपराधिक कार्यों में लिप्त लोगों से वसूली करने के लिए एक चहेते को नियुक्ति प्रदान की गई है जो कि प्रभारी का खास है। सबसे ज्यादा गंभीर आरोप महिला पुलिस की तरफ से लगाए गए हैं जिसमें महिला पुरुषों को ड्यूटी के नाम पर उत्पीड़न करने का गंभीर आरोप लगाया गया है। पत्र में यह भी कहा गया है कि जब भी कोई अधीनस्थ कर्मचारी बाहर ड्यूटी पर जाता है तो उसकी रवानगी और आमद पर भी प्रभारी द्वारा टीका टिप्पणी कर उत्पीड़न किया जाता है यही नहीं एक पुलिसकर्मी की ड्यूटी कैंची धाम मंदिर में लगाने के उपरांत उसकी वापसी होने के बावजूद भी उसकी टिप्पणी लिख दी गई तथा एक उपनिरीक्षक पर भी ऐसा ही करने का आरोप कोतवाली प्रभारी सुंदरम शर्मा पर लगाया गया है। वायरल पत्र में 20 बिंदुओं पर लगाए गए गंभीर आरोपों की शिकायत जहां पुलिस महानिदेशक से की गई है वही पुलिस उपमहानिरीक्षक कुमाऊं परिक्षेत्र वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उधम सिंह नगर को भी पत्र की प्रतिलिपि प्रेषित की गई है तथा पत्र में कोतवाली प्रभारी सुंदरम शर्मा की जांच कर अनुशासनात्मक कार्यवाही करने की मांग की गई है। यह भी (शेष पृष्ठ सात पर)

## नाले में बहे बालक का शव बरामद

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। इंदिरा नगर बरसाती नाले में बहे आठ वर्षीय रिजवान का शव आखिरकार चार दिन बाद बरामद हो गया है। रविवार को बच्चे का शव लालकुंआ क्षेत्र अंतर्गत सूखी भगवानपुर नहर में मिला। पुलिस ने शव का पंचनामा



भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शव मिलने के बाद परिजनों में कोहराम मचा है। बता दें बनभूलपुरा निवासी हसनैन का आठ वर्षीय पुत्र रिजवान बुधवार को शनिबाजार रोड स्थित एक दुकान पर सामान लेने गया था, इसी दौरान दुकान के आगे नाला तेज उफान पर आ गया जिसमें रिजवान बह गया, (शेष पृष्ठ सात पर)

## बुजुर्गों को 'बड़ी सौगात' देने जा रही 'धामी सरकार'

### वरिष्ठ नागरिकों के लिए अलग आवास नीति तैयार करने में जुटी सूबे की सरकार,आवास विभाग ने तैयार किया आवास नीति का ड्राफ्ट,सीनियर सिटिजन हाउसिंग पॉलिसी लाने वाला देश का पहला राज्य बनेगा उत्तराखंड

-अर्श-

देहरादून। राज्य वासियों के सामाजिक उत्थान के लिए तमाम जन कल्याणकारी योजनाएं लाने के बाद अब उत्तराखंड की पुष्कर सिंह धामी सरकार प्रदेश के वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक अलग आवास नीति को अंतिम रूप देने में जुटी है। धामी सरकार द्वारा प्रकल्पित उपरोक्त सीनियर सिटिजन हाउसिंग पॉलिसी यदि धरातल पर आकार लेनी पाई, तो उत्तराखंड वरिष्ठ नागरिकों के लिए अलग आवास नीति लाने वाला देश का पहला और इकलौता राज्य बन जाएगा। खबर है कि राज्य के आवास विभाग ने प्रस्तावित सीनियर सिटिजन हाउसिंग पॉलिसी का ड्राफ्ट तैयार कर लिया है तथा अब इस पर शासन के विभिन्न विभागों की राय ली जा रही है। प्रस्तावित हाउसिंग प्लान के सभी पहलुओं पर गौर करने के बाद इस नीति का प्रस्ताव राज्य कैबिनेट के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा और कैबिनेट की मंजूरी के बाद इस धरातल पर उतरने की कवायद आरंभ की जाएगी। माना जा रहा है कि प्रस्तावित आवास नीति से गरीब, मध्य वर्गीय व उच्च वर्ग के सीनियर सिटीजन को सीधे तौर पर लाभ होगा। इस नीति के आने के बाद बिल्डर भविष्य में जो भी आवास बनाएंगे, उनमें उनके लिए भू-उपयोग परिवर्तन, फ्लोर एरिया रेशियो (एफएआर) में छूट आदि के प्रावधान भी किए जाएंगे। मकसद ये है कि राज्य में अधिक से अधिक ऐसे आवास बनाए जाएं, जो केवल बुजुर्गों के लिए हों और इनमें उनके हिसाब से ही सुविधाएं हों। उत्तराखंड सरकार की सीनियर सिटिजन हाउसिंग पॉलिसी यह सुनिश्चित करेगी कि बुजुर्ग व्यक्तियों की जरूरत के हिसाब से इन आवास में रैंप, ओपन एरिया, निकटतम अस्पताल, मनोरंजन के साधन, योगा, पूजा पाठ के लिए धार्मिक स्थल जैसी तमाम सुविधाएं उपलब्ध हों, ताकि उन्हें किसी तरह का अकेलापन या परेशानी पेश न आए। इस आवास नीति में न केवल उच्च वर्ग, बल्कि निम्न आय वर्ग के बुजुर्गों का भी अपने घर का सपना पूरा होगा। उन सभी को उनकी जरूरत के हिसाब से सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। गौर तलब है कि केंद्र सरकार (शेष पृष्ठ सात पर)



# बेली ब्रिज बनाने और सर्च ऑपरेशन में जुटी सेना

## केदारनाथ मार्ग में फंसे यात्रियों का रेस्क्यू अभियान युद्धस्तर पर जारी, अब तक कुल 9099 यात्रियों का रेस्क्यू किया

देहरादून/रूद्रप्रयाग(उद संवाददाता)। केदारघाटी में जारी रेस्क्यू कार्यों में तेजी लाने के लिए अब सेना की भी मदद ली जा रही है। जनपद में तैनात 6 ग्रेनेडियर यूनिट रास्तों को पुनर्स्थापित करने और बेली ब्रिज बनाने के अलावा सर्च ऑपरेशन में भी मदद करेगी। प्राथमिकता के आधार पर सोनप्रयाग से गौरीकुंड के बीच वाश आउट हुए मार्ग पर ब्रिज बनाया जा रहा है। वहीं केदारघाटी में जारी रेस्क्यू ऑपरेशन में अब सर्च अभियान सेना की मदद से शुरू किया जा रहा है। सेना ने दो स्निफर डॉग यात्रा मार्ग के लिए रवाना कर दिए हैं। डॉग यूनिट मौके पर पहुंच गई है। हेलीकॉप्टर के माध्यम से इन्हें लिनचोली उतारा जा चुका है। जहां से पूरे क्षेत्र में सर्च अभियान शुरू किया जाएगा। केदारनाथ मार्ग में चल रहे रेस्क्यू अभियान के विषयक सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास श्री विनोद कुमार सुमन ने बताया कि 31 जुलाई को अतिवृष्टि के चलते केदारनाथ तथा केदारनाथ मार्ग में फंसे यात्रियों का रेस्क्यू अभियान युद्धस्तर पर जारी है। उन्होंने कहा कि एसडीआरएफ, एनडीआरएफ की टीमें मार्ग में फंसे यात्रियों को रेस्क्यू कर उन्हें सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा रही हैं। श्री विनोद कुमार सुमन ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी स्वयं रेस्क्यू अभियान की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। दिनांक 03 अगस्त 2024 को 1865 यात्रियों को रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। आज 03 अगस्त तक कुल 9099 यात्रियों का रेस्क्यू किया जा चुका है। यात्रियों को सुरक्षित निकालने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि दिनांक 02 अगस्त 2024 तक 15 यात्री केदारनाथ से एयरलिफ्ट किए गए। लिंचौली और भीमबली से 1354 यात्रियों को एयरलिफ्ट कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया। भीमबली/ लिंचौली से पैदल 365 यात्री चौमासी–कालीमठ पहुंचे तथा गौरीकुंड से 5500 यात्री पैदल सोनप्रयाग पहुंच चुके हैं। सचिव आपदा प्रबंधन ने बताया कि दिनांक 03 अगस्त को केदारनाथ से 43 यात्रियों को एयरलिफ्ट किया गया। लिंचौली और भीमबली से कुल 495 यात्री एयरलिफ्ट किए गए। वहीं 90 यात्री भीमबली/ लिंचौली से पैदल चौमासी–कालीमठ सुरक्षित पहुंचे। गौरीकुंड से सोनप्रयाग आने वाले यात्रियों की संख्या 1162 रही। चीड़बासा (गौरीकुंड) से 75 तीर्थयात्रियों को एयरलिफ्ट कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। वहीं विभिन्न स्थानों पर फंसे करीब 1000 यात्रियों को सुरक्षित निकालने की कार्रवाई गतिमान है। श्री विनोद कुमार सुमन ने बताया कि राहत और बचाव कार्य में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ के साथ ही वायुसेना के चिनूक तथा एमआई–17 हेलीकॉप्टर तैनात हैं। उन्होंने बताया कि एनडीआरएफ के 83 जवान, एसडीआरएफ, डीडीआरएफ तथा पीआरडी के 168 जवान, पुलिस विभाग के 126, अग्निशमन के 35 कार्मिक अलग- अलग स्थानों पर तैनात हैं। उन्होंने बताया कि 31 जुलाई को हुई अतिवृष्टि के कारण 15 लोगों की मृत्यु की हुई है। वहीं 01 अगस्त को देहरादून के सहस्त्रधारा में स्नान करते समय पैर फिसलने से 02 लोगों की मौत हुई, जो मानवीय भूल की श्रेणी में दर्ज है। इस प्रकार कुल 17 यात्रियों की मृत्यु हुई है। वहीं अलग- अलग स्थानों पर हुए हादसों में 10 लोग घायल हुए और 01 व्यक्ति अभी लापता है। सूचना के अनुसार टिहरी में 03, हरिद्वार में 04, देहरादून में 06, चमोली में 01, रुद्रप्रयाग में 03 लोगों की मृत्यु हुई है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के 12 डाक्टरों के नेतृत्व में 32 कर्मचारी अपनी सेवाएं दे रहे हैं। राजस्व विभाग के 57, जीएमवीएन के 68, खाद्य विभाग के 27 कर्मचारी संबंधित व्यवस्थाओं को दुरुस्त बनाने में जुटे हैं। इस प्रकार कुल 882 जवान/ कार्मिक युद्धस्तर पर राहत और बचाव कार्यों में जुटे हैं। मौसम जैसे–जैसे साफ हो रहा है, वैसे–वैसे यात्रियों का रेस्क्यू किया जा रहा है।





## गौचर से चिनूक हेलिकॉप्टर नहीं भर पाया उड़ान एयरलिफ्ट के लिए चार हेलिकॉप्टर लगाए गए

देहरादून। भारतीय सेना के एमआई–17 हेलिकॉप्टर से केदारनाथ से 50 यात्रियों को चारधाम हेलिपैड लाया गया। यहां से सभी यात्रियों को उनके गंतव्य के लिए रवाना किया जा रहा है। खराब मौसम के कारण दो दिनों में एमआई–17 सिर्फ तीन शटल ही कर पाया है। जबकि गौचर हवाई पट्टी पर चिनूक हेलिकॉप्टर उड़ान नहीं भर पाया है। दोनों हेलिकॉप्टर के साथ सेना का 20 सदस्यीय दल तैनात है। विंग कमांडर शैलेश सिंह के नेतृत्व में आपदा में रुके यात्रियों के रेस्क्यू के लिए भारतीय सेना के दो हेलिकॉप्टर यहां पहुंचे हैं। शनिवार को सुबह से शाम 4.30 बजे तक केदारनाथ क्षेत्र में घना कोहरा छाने के कारण एमआई–17 उड़ान नहीं भर पाया। इसके बाद कुछ देर के लिए मौसम जैसे ही उड़ान लायक हुआ, भारतीय सेना अपने अभियान के लिए तैयार हो गई। एमआई–17 ने चारधाम हेलिपैड गुप्तकाशी से केदारनाथ के लिए दो शटल की हैं और 50 यात्रियों का रेस्क्यू किया। विंग कमांडर शैलेश सिंह ने बताया कि खराब मौसम के कारण रेस्क्यू में दिक्कत आ रही है। बावजूद, आखिरी व्यक्ति को सकुशल वापस लाने तक उनका अभियान जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि रविवार को मौसम ठीक रहा तो सुबह से ही रेस्क्यू शुरू कर दिया जाएगा। साथ ही गौचर हवाई पट्टी से चिनूक हेलिकॉप्टर भी केदारनाथ के लिए उड़ान भरेगा। उन्होंने बताया कि शनिवार को जिन 50 लोगों को केदारनाथ से लाया गया है, उसमें महिलाएं व बुजुर्ग यात्री शमिल हैं, जिसमें कुछ को स्वास्थ्य समस्याएं भी हैं। इन यात्रियों को स्थानीय स्तर पर चिकित्सकीय उपचार के बाद उनके गंतव्यों के लिए रवाना किया जा रहा है। एयरलिफ्ट के लिए चार हेलिकॉप्टर लगाए गए हैं। हालांकि मौसम खराब होने के कारण एक ही हेलिकॉप्टर उड़ान भर पर पाया है।









## केदारघाटी में फंसे श्रद्धालुओं को जल्द रेस्क्यू करे सरकार : माहरा

देहरादून(उद संवाददाता)। कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष करन महारा ने सोनप्रयाग के साथ अन्य स्थानों पर फंसे श्रद्धालुओं को जल्द से जल्द रेस्क्यू करने की मांग की है। आज कांग्रेस पार्टी के प्रदेश कार्यालय में प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि जिस तरह से आपदा आई है ऐसे में सरकार के रेस्क्यू ऑपरेशन को तेज करना चाहिए।कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने सरकरा से जल्द से जल्द केदारनाथ में फंसे श्रद्धालुओं को रेस्क्यू करने की मांग की है। उन्होंने सवाल भी उठाया है कि भाजपा के विधायक जिस तरह से रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान केदारनाथ धाम का दर्शन किया है इससे भाजपा के दोहरे चरित्र का भी पर्दाफाश हुआ है। उनका कहना है कि आपदा के नुकसान को लेकर जल्द ही कांग्रेस पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात करेगा।करन माहरा ने कहा कि केदारनाथ धाम का रास्ता सामान्य होने पर वे खुद केदारनाथ धाम दर्शन करने के लिए जाएंगे। सवाल खड़े करते हुए सरकार से पूछा है कि जब केदारनाथ यात्रा को रोका गया है तब हरिद्वार से मौजूदा विधायक और पूर्व कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक पूरे परिवार के साथ केदारनाथ मंदिर के दर्शन करने के लिए चॉपर से पहुंचे ये कहां से न्यायोचित है ? प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि चॉपर्स का इस्तेमाल जो प्रभावित है उनके रेस्क्यू के लिए होना चाहिए। लेकिन भाजपा के पूर्व मंत्री अपने घरवालों के साथ मंदिर दर्शन के लिए चॉपर्स का इस्तेमाल कर रहे हैं जो कि बहुत ही शर्मनाक है। उन्होंने केदारनाथ पदायात्रा स्थागित करने पर कह कहा कि कांग्रेस ने तय किया कि हम चॉपर हेलीकॉप्टर में नहीं जाएंगे क्योंकि चॉपर का इस्तेमाल रेस्क्यू ऑपरेशन में ही होना चाहिए, जितने समय हम 10 लोग जाते उतने समय में चॉपर से आने जाने में 20 अतिरिक्त प्रभावित लोगों की मदद की जा सकती है। वहीं भाजपा के नेता और मदन कौशिक इत्यादि आज चॉपर हेलीकॉप्टर के माध्यम से श्री केदारनाथ मंदिर दर्शन के लिए गए, आज इतनी बड़ी भीषण घटना जहां घटी है ऐसे में भाजपा के नेता पाप करने से नहीं चूक रहे क्योंकि आज समय इन सुविधाओं को लेकर दर्शन का नही था, चॉपर का इस्तेमाल केवल आपदा में फंसे यात्रियों के लिए ही होना चाहिए था ऐसे कृत्यों से भाजपा असल चेहरा सामने आता है। जहां एक ओर आमजन के लिए श्री केदारनाथ यात्रा स्थगित कर दी है वहीं दूसरी ओर आपदा के समय में भाजपा के नेताओं द्वारा मंदिर दर्शन के लिए चॉपर हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल कतई उचित नहीं नहि तर्कसंगत है।



## शहीद जवान को दी अंतिम विदाई

देहरादून (उद संवाददाता)। गढ़वाल राइफल के हवलदार सते सिंह बिष्ट के बलिदान पर सैकड़ों लोगों ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। रविवार सुबह एम्स ऋषिकेश की मोर्चरी से बलिदानी का पार्थिव शरीर उनके निवास कोटी अठुरवाला लाया गया। जहां बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने बलिदानी की अंतिम यात्रा पर पुष्प अर्पित करते हुए अपनी श्रद्धांजलि दी। जिसके बाद सरकार की ओर से पहुंचे सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी व विधायक बृजभूषण गैरोला के साथ ही सैन्य अधिकारियों ने पुष्प चक्र अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। ऋषिकेश के पूर्णानंद घाट पर बलिदानी का अंतिम संस्कार सैन्य सम्मान के साथ किया गया। इस दौरान सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि उत्तराखंड सैन्य भूमि है। यहां के जवानों ने देश की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान किया है। सरकार बलिदानी के परिवार के साथ खड़ी है और जो भी मदद सरकार की ओर से होगी वह परिवार के लिए की जाएगी ।बता दें 42 वर्षीय हवलदार सते सिंह बिष्ट का निधन शुक्रवार को जम्मू कश्मीर के तुंगधार में सैन्य अभियान के दौरान बर्फ के पहाड़ से अचानक पैर फिसलने के चलते काफी चोटिल होने के कारण हो गया था। मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना बलिदान देने वाले सते सिंह बिष्ट अपने परिवार में पत्नी संगीता, दो बेटी जिसमें स्वाति, महक व एक पुत्र अयान को अपने पीछे छोड़ गए हैं।



# धूमधाम से मनाया प्रदेश अध्यक्ष भट्ट का जन्म दिन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भाजपा नेता नत्थूलाल गुप्ता के कैंप कार्यालय पर पार्टी प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट को शुभकामनाएं देते हुए दीर्घायु की कामना की तत्पश्चात मिष्ठान वितरण का कार्यक्रम किया गया। मौके पर कार्यक्रम संयोजक पूर्व वाइस चेयरमैन नत्थूलाल गुप्ता ने महेंद्र भट्ट को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में भारी अंतर से जीती और



एक कीर्तिमान स्थापित हुआ और कहा कि महेंद्र भट्ट जन जन के नेता है पार्टी की नीति और रीतियों को जन जन तक पहुंचाने का कार्य किया है। इस अवसर पर मण्डल मंत्री गिरिश पाल, वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश गर्ग, कौशल गुप्ता,निवर्तमान पार्षद राजकुमार कोली, संतोष दिवाकर,दर्शन कोली, कांति कोली,विक्की शर्मा,कैलाश कोची, राजेश सैनी,डालचंद राजपूत,नन्हे तोमर, अंकित पाण्डेय, सुमित गुप्ता, महेंद्र राजपूत प्रेमपाल मौर्य नाजिम भाई सोनू शर्मा मोहम्मद शाहजहां सोहेल खान सतीश वर्मा विनोद रस्तोगी महेश कुमार सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# भालू के हमले में घायल हुए ग्रामीणों को दिये एक एक लाख रूपये के चेक

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। किशनपुर रेंज अन्तर्गत, रूदपुर बीट, प्लाट संख्या 11 में भालू के हमले में घायल रमेन मण्डल पुत्र राधा बल्लभ मण्डल तथा कृष्णपद ढाली पुत्र लक्ष्मीकांत ढाली निवासी ग्राम-गोविन्द नगर, पाड़ागांव, शक्तिफार्म, सितारगंज उपस्थित जन प्रतिनिधियों / ग्रामीणों को रूद्राक्ष, ऑवला, चीकू, नीबू, लीची आदि फलदार प्रजाति के पौंधों का वितरण कर समस्त ग्रामवासियों से अधिक से अधिक मात्रा में पौंधों को लगाने की भी अपील की गयी।इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष विष्णु



को केबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने उनके निवास पर पहुंचकर शासन से स्वीकृत धनराशि एक लाख रूपये के चैक प्रदान किये। चैक वितरण के उपरान्त हरेला महोत्सव के अन्तर्गत 'एक पेड़ माँ के नाम' थीम के तहत घनानन्द चनियाल, वन क्षेत्राधिकारी, किशनपुर वन क्षेत्र द्वारा मौके पर प्रमाणिक, महामंत्री मनोज सरकार, जिला युवा मोर्चा मंत्री मयंक अग्रवाल, सांसद प्रतिनिधि कार्तिक राय, मीडिया प्रभारी रवि मजूमदार, मण्डी समिति अध्यक्ष अमरजीत कटवाल, ग्राम प्रधान मनीषा महलदार, ग्राम बैकुण्ठपुर, पाड़ागांव, शक्तिफार्म, सितारगंज व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# शाह सकलैन एकेडमी कमेटी के साबिर अध्यक्ष, सलीम उपाध्यक्ष बने

सितारगंज (उद संवाददाता)।हजरत शाह सकलेन एकेडमी ऑफ इंडिया की नगर इकाई का गठन किया गया है। जिसमें खिदमते खल्क को प्राथमिकता में रखते हुए प्रदेश अध्यक्ष ताहिर मियां सकलैनी ने सितारगंज के मोहम्मद साबिर सकलैनी उर्फ मुन्ने को अध्यक्ष, मोहम्मद सलीम को उपाध्यक्ष, मोहम्मद रिजवान को सचिव और हफीज सकलैनी को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया है। कमेटी का मुख्य उद्देश्य गरीब असहाय लड़कियों का विवाह कराना और धार्मिक, सामाजिक कार्यों में भागीदारी करना है। हजरत साहब सकलेन एकेडमी ऑफ इंडिया बरेली धार्मिक सामाजिक कार्य में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाती है। संस्था के प्रदेश अध्यक्ष ताहिर सकलैनी के नगर में पहुंचने पर लोगों ने खैर मकदम किया। प्रदेश अध्यक्ष की मौजूदगी में सर्वसम्मति से



नगर यूनिट का गठन किया गया। जिसमें मोहम्मद साबिर सकलैनी को अध्यक्ष, मोहम्मद सलीम को उपाध्यक्ष, मोहमद रिजवान को सचिव, हफीज सकलैनी को कोषाध्यक्ष चुना गया। इस दौरान अन्य अनुयायियों को कमेटी की सदस्यता दिलाई गई। कमेटी से जुड़े मुन्ने सकलैनी ने बताया कि कमेटी समय समय पर गरीब लड़कियों की शादियों कराती है। क्षेत्र में भी कमेटी गठन के बाद अब धार्मिक और सामाजिक कार्य में बढ़ चढ़कर जनहित के कार्य किए जाएंगे। इस मौके पर मो यासीन, अशरफ, मो नफीस, जफर सकलैनी, इदरीश सकलैनी, इलियास सकलैनी,याकूब सकलैनी, एड रिटायर पटवारी शमशेर अली आदि मौजुद थे।


जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड, गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रूद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817


# किशोरी के साथ दुष्कर्म के आरोपी युवक को दबोचा

चंपावत। बनबसा में एक किशोरी के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। किशोरी के चाचा की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक पर पॉक्सो एक्ट के अलावा बीएनएस 2023 की कई धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। आरोपी युवक को मुक्तेश्वर से गिरफ्तार कर लिया। दो अलग-अलग समुदायों का मामला होने से पुलिस ने क्षेत्र में सुरक्षा के तहत पुलिस तैनात कर दी। पुलिस ने कानून व्यवस्था के साथ ही क्षेत्र में शांति और सौहार्द बनाए रखने के लिए दोनों समुदायों की बैठक भी ली। एक स्थानीय किशोरी के चाचा ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उनकी 14 वर्षीय भतीजी के साथ एक युवक ने दुष्कर्म कर किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। दो अलग-अलग समुदायों का मामला होने से पुलिस अलर्ट हो गई। थानाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह जगवाण ने बताया कि किशोरी के पिता की मृत्यु हो चुकी है। वह अपने चाचा के साथ रहती है। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ बीएनएस 2023 की धारा 65 (1) / 351 (3) और 3/4 पॉक्सो अधिनियम में केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल कराकर बयान दर्ज किए हैं। थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी अफसार खान (22) मूल रूप से पीलीभीत के नौगंवा पकडिया का रहने वाला है। वह कुछ वर्षों से यहां अपने जीजा के साथ रहकर मजदूरी कर रहा था। मामले की जांच एसआई मंदाकिनी राणा को सौंपी गई है। आरोपी को रिमांड के लिए न्यायालय भेज दिया गया है। आरोपी को पकड़ने वाली टीम में थानाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह जगवाण, एसओजी प्रभारी मनीष खत्री, बनबसा शारदा बैराज पुलिस चौकी प्रभारी एसआई अरविंद कुमार, एसओजी एचसी गणेश सिंह बिष्ट, कांस्टेबल जगदीश कन्याल, उमेश राज, गिरीश भट्ट शामिल रहे।


गोदाम और फ्लैट किराये हेतु उपलब्ध
◆ 5000,10,000 एवं 20,000 वर्ग फिट में बने गोदाम उपलब्ध हैं।
◆ मैट्रोपोलिस एवं सामिया में 2 एवं 3 बीएचके के फ्लैट उपलब्ध हैं।
-सम्पर्क करें-
9568300033
9568300015



विघ्नेश्वराय वरदाय सुरप्रियाय लम्बोदराय सकलाय जगद्धिताय ।
नागाननाथ श्रुतियज्ञविभूषिताय गौरीसुताय गणनाथ नमो नमस्ते ।।
हमारे यहां कुंडली बनाने व दिखवाने एवं वैदिक ब्राह्मणों द्वारा रूद्राभिषेक, दुर्गा सप्तशती पाठ महामृत्युंजय जप, ग्रह शांति, शतचंडी यज्ञ एवं समस्त यज्ञ जप इत्यादि
समस्याओं का समाधान के लिये संपर्क करें :
आचार्य गोपाल शास्त्री जी : 7248133444


# पुलिस कर्मी पर घर में घुसकर महिला से अश्लील हरकत करने का आरोप

दिनेशपुर(उद संवाददाता)। एक महिला ने पुलिस कर्मियों पर घर में घुसकर अश्लील हरकत करने और विरोध करने पर उसके पति को पीटकर घायल करने का आरोप लगाया है। थानाध्यक्ष ने आरोप को सरासर झूठा बताया है। जयनगर नंबर एक निवासी राजेन्द्र गड़िया की पत्नी रंजना गड़िया ने थाने में तहरीर देकर कहा कि शुक्रवार की रात दो पुलिस कर्मी उसके घर आकर दरवाजा खोलने की बात कही।उसने दरवाजा नही खोला। बाद में कई और पुलिस कर्मी वहां आ गए। आरोप है कि पुलिस कर्मी खिड़की दरवाजा तोड़कर भीतर घुसे और उससे अश्लील हरकते की। विरोध करने पर पुलिस कर्मियों ने उसके पति राजेन्द्र गड़िया से मारपीट की। शोर शराबा होने पर पुलिस कर्मी वहां से चले गएं। उसने दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उधर एसओ नंदन सिंह रावत ने महिला के आरोप को सरासर झूठा बताया। कहा कि मामला राजेन्द और उसकी बहन अनिता डोगरा के बीच मकान के कमरे को लेकर विवाद का है। शुक्रवार की रात को राजेन्द्र और उसकी पत्नी ने अनिता की जमकर पिटाई कर उसे कमरे में बंद कर दिया था।अनिता ने 112 नंबर पर घटना की जानकारी दी थी। जिसके बाद पुलिस मौके पर गई थी। दरवाजा बंद होने पर पुलिस कर्मियों ने उसे तोड़कर अनिता को बाहर निकाला था। कहना है कि पुलिस कार्रवाई के भय से पुलिस पर झूठा आरोप लगाने प्रयास किया जा रहा है। कहना है कि अनिता ने भी भाई राजेन्द्र के खिलाफ तहरीर दी है। मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।


क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षों का अनुभवः-
पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार,निःसन्तान स्त्री-पुरूष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द,किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी 1 डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड


# रुद्रपुर राइजिंग फाउंडेशन ने छायादार और फलदार पौधे रोपे

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। रुद्रपुर राइजिंग फाउंडेशन ने रविवार को शुभ डेल्स और बाटा कालोनी में लगभग साठ छायादार और फलदार पौधे रोपे । राइजिंग अध्यक्ष विजय आहूजा ने कहा कि आज मित्रता दिवस पर रोपे गए पौधों को एक मित्र की तरह देखभाल करने का संकल्प ले। आओ पौधे लगाए, धरा को हरा भरा बनाए अभियान के तहत फाउंडेशन ने गंगापुर मार्ग स्थित शुभ डेल्स कालोनी और बाटा कालोनी में आम, जामुन, गुलमोहर,अर्जुन आदि प्रजातियों के पौधे रोपे।राइजिंग अध्यक्ष विजय आहूजा ने कहा कि जिस तेजी से पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है, वह भविष्य के लिए बेहद खतरनाक है। पर्यावरण की रक्षा के लिए पौधे लगाना उसकी सुरक्षा करना जरूरी है।उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण से ही पर्यावरण संतुलित रहेगा।उन्होंने पौधो की देखभाल के लिए सभी लोगों से आह्वान किया। रुद्रपुर राइजिंग की महिला विंग की उपाध्यक्ष सुमन मिश्रा ने कहा कि वृक्षारोपण से ही प्रकृति के साथ तालमेल संभव है। उन्होंने कहा कि अगर शुद्ध वायु, फल, फूल एवं छाया चाहिए तो पौधारोपण करना आवश्यक है। वृक्ष लगाने से आने वाली पीढ़ी लाभान्वित होंगे।इस अवसर पर मुनेन्द्र कुमार,पी के मौर्य,गिरीश जोशी,दीपक अग्रवाल, संजय ठुकराल ,अवनीश राय,पप्पू मिश्रा, महिला अध्यक्ष चंद्र कला राय, देवकी बिष्ट, अर्चना राय, दीपा मोदी ,रजनी भंडारी ,मधु सिंह, वर्षा मिश्रा, अवनीश मिश्रा, आशुतोष राय, हरिओम शुक्ला, शिव कोमल दास,वीरेंद्र गुप्ता,संजीव सिन्हा, साधना शर्मा, पंकज शर्मा ,नरेंद्र भारद्वाज,सरोज भारद्वाज आदि शामिल थे।





# नारायण सरकार के निधन पर कैबिनेट मंत्री बहुगुणा ने जताया शोक

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। ग्राम बैकुंठपुर स्थित राइजिंग स्टार पब्लिक स्कूल के संस्थापक नारायण सरकार का लंबी बीमारी के बाद बीते मंगलवार को निधन हो गया था। शनिवार को कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने उनके आवास पर पहुंचकर उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। साथ ही, पुण्य आत्मा की शांति की प्रार्थना की। नारायण सरकार ने वर्ष 2016 में गांव के बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के लिए स्कूल की स्थापना की थी। वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे। उनका हल्द्वानी के एक निजी अस्पताल से इलाज भी चल रहा था। 30 जुलाई की दोपहर करीब 3:35 बजे उन्होंने अपने आवास पर अंतिम सांस ली। उनके परिवार में उनकी पत्नी कल्पना सरकार, पुत्र गोविंद सरकार, पुत्रवधू राखी सरकार, पौत्र गोपाल सरकार, ईशा सरकार और प्रिंस सरकार है।



# अशोक मिड्ढा की माता के निधन पर शोक व्यक्त

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। कर परामर्शदाता नरेश कुमार सेठ के कार्यालय पर आयोजित एक शोक सभा में समाजसेवी अशोक मिड्डा की माताजी श्रीमती कृष्णवंती के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। इस अवसर पर वीरेन्द्र सुखीजा ने कहा कि श्रीमती कृष्णावंती एक धार्मिक प्रवृत्ति की महिला थी उन्होंने पूरे मिड्ढा परिवार को एक माला के रूप में पिरोए रखा। इस अवसर पर मान सिंह ग्रोवर, नरेश सेठ, मनोहर लाल मिगलानी, प्राण ठक्कर, बॉबी टुटेजा, राजकुमार सीकरी, बलवीर सिंह कामरा, कस्तूरी लाल तागरा, रोशन तागरा, नरेन्द्र कुमार, राकेश सुखीजा, जगदीश भुसरी, आदि उपस्थित थे।



किच्छा रोड पर ट्रंचिंग ग्राउंड से कचरे का पहाड़ हटाये जाने पर डीएम सहित अन्य अधिकारियों को समानित करते विभिन्न संस्थाओं से जुड़े लोग।

# जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय बनायें अधिकारी: सीएम

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी शनिवार को सर्किट हाउस काठगोदाम, नैनीताल में अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि जनप्रतिनिधियों के सुझावों से क्षेत्र का सुनियोजित विकास होता है इसलिए अधिकारी जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय बनायें ताकि प्रदेश विकास के पथ पर अग्रसर हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें आपदा के दृष्टिगत मिशन के तहत कार्य को अंजाम देना होगा। मानसून सीजन समाप्त होने के बाद हम समस्याओं को भूलें नहीं बल्कि भविष्य में आने वाली समस्याओं के लिए हमें जागरूक होकर कार्य करना होगा। उन्होने कहा जिन योजनाओं का शिलान्यास हो गया है उन योजनाओं का लोकार्पण भी अवश्य हो ताकि सरकार द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम जनमानस को समय से मिल सके। मुख्यमंत्री ने लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता को निर्देश दिए कि वर्षाकाल का सीजन चल रहा है अस्थाई तौर पर सड़कें गड्ढा मुक्त हों और जल्द टेंडर प्रक्रिया पूर्ण कर 15 सितम्बर से सड़कों का कार्य प्रारम्भ कर 15 अक्टूबर तक पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें।



उन्होंने कहा जहां-जहां मार्गों पर जेसीबी लगी है उन जेसीबी में जीपीएस सिस्टम अनिवार्य रूप से लगा हो।मुख्यमंत्री ने कहा कि शहर में पेयजल संकट के समाधान के लिये शीशमहल प्लांट की क्षमता बढ़ाने की स्वीकृति प्रदान की गई है। आगामी गर्मी के मौसम से पहले यह कार्य पूर्ण कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि गौशालाओं हेतु भी धनराशि स्वीकृत कर दी गई है उनका शीघ्र निर्माण कार्य प्रारम्भ कर गौशालाओं को संचालित किया जाए। बैठक में मुख्यमंत्री ने वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश कि जिन क्षे त्रों में जीर्णशीर्ण व सूखे पेड़ है जिससे जनहानि हो सकती है, उन पेड़ों को शीघ्र हटाया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार जल्द ही खेल विश्व विद्यालय का एक्ट लाने जा रही है इससे हमारे प्रदेश के प्रतिभावान खिलाड़ियों को राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के बेहतर अवसर उपलब्ध होगें। आयुक्त दीपक रावत ने बताया कि मण्डल में जागेश्वर मार्ग भूस्खलन से बन्द है सोमवार तक उसे खोल दिया जायेगा तथा मण्डल के सभी एनएच आवागमन हेतु खुले हैं कुछ ग्रामीण सड़कें बन्द है उन सड़कों पर कार्य प्रगति पर है शीघ्र खोल दिया जायेगा। बैठक में अध्यक्ष जिला पंचायत बेला तोलिया, विधायक बंशीधर भगत, रामसिंह कैडा, सरिता आर्या, डा.मोहन सिंह बिष्ट, जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, दर्जा राज्य मंत्री गोविन्द सिह बिष्ट जिलाधिकारी वंदना, एसएसपी पीएन मीणा सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।



# राहत और बचाव के काम में जुटे हैं छह हेलीकाप्टर : धामी

## मुख्यमंत्री ने हल्द्वानी में की प्रेस वार्ता

हल्द्वानी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का कहना है कि केंद्र सरकार की मदद से जल्द ही केदारनाथ क्षेत्र में आपदा से क्षतिग्रस्त सड़क और पुलों के पुनर्निर्माण का कार्य शुरू करा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अब तक 12000 से अधिक तीर्थयात्रियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा चुका है। मौसम ने साथ दिया तो अगले एक-दो दिन में अलग-अलग स्थानों पर फंसे तीर्थ यात्रियों को भी सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया जाएगा। धामी शनिवार को यहां काठगोदाम स्थित सर्किट हाउस में प्रिंट मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि केदारनाथ में बारिश और अतिवृष्टि के कारण नौ दस स्थानों पर सड़क और पुल टूटे हुए हैं। एक जगह 150 मीटर सड़क बह गई है। बताया कि इस संबंध में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित साह व केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से बातचीत हुई है। जल्द ही केंद्र सरकार की मदद से क्षतिग्रस्त सड़क और पुलों को ठीक कराया जाएगा। कहा कि केंद्र से दो एमआई 17 हेलीकाप्टर और चिनकु विमान मिले हैं। इसके अलावा राज्य सरकार के भी छह हेलीकाप्टर वहां राहत और बचाव के काम में जुटे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि क्षेत्र में जल्द ही सड़क, संपर्क मार्ग, पेयजल, बिजली और संचार सेवाएं बहाल हो। इस दिशा में भी काम किया जा रहा है। कहा कि प्रदेश में अब तक अलग अलग स्थानों पर आपदा की घटनाओं में 15 लोगों की जान गई है। प्रदेश सरकार प्रभावित परिवारों के साथ है और उनकी हर संभव मदद करेगी। मंत्री मंडल में चार मंत्री कम होने और मंत्रीमंडल विस्तार को लेकर पूछे गए सवाल पर धामी ने कहा कि मंत्री मंडल विस्तार के मामले में बातचीत चल रही है। कांग्रेस की ओर से सरकार पर लगाए जा रहे आरोपों के बावत धामी का कहना था कि हम देवभूमि के लोग हैं और देवभूमि का अपना स्वरूप है। धर्म कर्म को मानते हैं और उसी आधार पर काम कर रहे हैं। कुमाऊं मंडल में स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाल स्थित पर मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने की दिशा में सरकार काम कर रही है। यह वर्षों पुरानी आवश्यक्ताएं हैं और सिस्टम को बनाने में समय लगता है। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा साफ है और नीयत स्पष्ट है। हल्द्वानी के बड़े और पिछले कई वर्षों से लंबित प्रोजेक्टों को लेकर पूछे गए सवाल पर धामी बोले जमरानी बांध परियोजना को मंजूरी मिल चुकी है। कैंची बाईपास को केंद्र सरकार ने मंजूरी दे दी है जिसे अगले साल 15 जून से पहले तैयार करा दिया जाएगा। कैंसर इंस्टीट्यूट को भी केंद्र सरकार से हरी झंडी मिल चुकी है। वार्ता के दौरान दर्जा राज्य मंत्री डा. अनिल डब्बू व ध्रुव रौतेला मौजूद रहे।



# बेरोजगारों के हितों के लिए सरकार गंभीर: सीएम

## सीएम ने किया कुमाऊं छात्र महासंघ के सर्वोदय 2024 का शुभारंभ

रामनगर (उद संवाददाता)।प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुमाऊं छात्र महासंघ सर्वोदय 2024 के कार्यक्रम का शुभारंभ करने रामनगर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पहुंचे जहां रामनगर विधायक दीवान सिंह बिष्ट, कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति अतुल जोशी, महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर एमसी पांडे, कुमाऊं विश्वविद्यालय छात्र संघ अध्यक्ष पीयूष जोशी के अलावा मौजूद कई लोगों द्वारा उनका जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम के तहत नगर में समाज सेवा करने वाले पांच समाजसेवियों को भी मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया गया तो वही मुख्यमंत्री द्वारा रामनगर में मीडिया सेंटर बनाए जाने की भी घोषणा की गई। कार्यक्रम में बोलते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि युवा देश का भविष्य है तथा आने वाला दशक उत्तराखंड का होगा इसको लेकर राज्य व केंद्र सरकार लगातार इस दिशा में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश सरकार ने बेरोजगारों व उत्तराखंड के लोगों के हित के लिए कई ऐतिहासिक फैसले लिए हैं जिसमें नकल विहीन कानून के साथ ही समान नागरिक संहिता मुख्य रूप से शामिल है। उन्होंने कहा कि सरकार लगातार प्रदेश के विकास को लेकर पूरी तरह प्रयासरत है तो वहीं उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा राज्य सरकार को दिए जा रहे सहयोग पर भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री धामी ने केदारनाथ में फंसे लोगों के बारे में बोलते हुए कहा कि आज वह स्वयं केदारनाथ गए थे उन्होंने बताया कि वहां फंसे कई यात्रियों को सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि अभी भी कई सड़कें जहां एक ओर रास्ते तो वहीं बिजली और पानी की लाइन भी काफी क्षतिग्रस्त हो गई है जिनके सुधारीकरण को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने रामनगर विधायक दीवान सिंह बिष्ट द्वारा रामनगर क्षेत्र की समस्याओं के लिए दिए गए ज्ञापन पर मुख्य रूप से कई मांगों पर सहमति जताने के साथ ही रामनगर में पत्रकारों की दिक्कतों का विशेष रूप ध्यान रखते हुए रामनगर में मीडिया सेंटर बनाए जाने की भी घोषणा की। इसके बाद मुख्यमंत्री द्वारा रामनगर महाविद्यालय में वृक्षारोपण कार्यक्रम भी किया गया।







## मानव जीवन का लक्ष्य भोग नहीं भजन: विजय शास्त्री

गदरपुर(उद संवाददाता)। श्री सनातन धर्म मंदिर बुध बाजार में सावन मास के उपलक्ष में चल रही कथा के 14वें दिन की कथा करते हुए कथा वाचक पंडित विजय कुमार शास्त्री जी ने कहा कि भगवान शंकर आशुतोष है, शिव जी के दरबार में सबको प्रवेश मिलता है, ऋषि देव दानव और भूत पिशाच भी आते हैं, शिव



जी का दरबार सबके लिए खुला रहता है, मानव जीवन तपस्चर्या के लिए है, जो तप नहीं करता उसका पतन होता है, मानव जीवन का लक्ष्य भोग नहीं भजन है, समभाव व सदभाव सिद्ध करने के लिए ही सत्संग की जरूरत है, समभाव तब सिद्ध होता है जब हरेक जड़ चेतन की ओर ईश्वर की भावना जागे। प्रसाद की सेवा स्वर्गीय हंसराज बजाज के पुत्रों मनोज बजाज व पंकज बजाज के परिवार द्वारा दी गई।

## प्रेम चंद की जयंती पर गोठी और पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित

बाजपुर(उद संवाददाता)। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बाजपुर में हिंदी विभाग एवं अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में प्रेमचंद जयंती एवं पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम प्रेमचंद की सुप्रसिद्ध कहानी पंच परमेश्वर पर आधारित फिल्म दिखाई गई। फिल्म देखने के बाद छात्र-छात्राओं द्वारा कहानी के मुख्य पात्र जुम्मन शेख और अलगू चौधरी की मित्रता, छोटी बात पर मनमुटाव शत्रुता पर चर्चा, और उत्तरादायी पद पर बैठने के बाद उनके न्यायिक रूप की भरपूर प्रशंसा की गई। छात्र-छात्राओं ने कहा कि न्याय के पद पर बैठने के बाद अंतत: न्याय की ही बात होनी चाहिए। प्राचार्य प्रो. केके पांडे ने सोजे वतन के माध्यम से प्रेमचंद के क्रांतिकारी और देशभक्ति रूप को सामने रखते हुए कहा कि प्रेमचंद ने कठिन समाज को समझने के



अपनी कहानियों में बहुत ही सरल भाषा का प्रयोग किया। यही कारण है कि दशकों बाद भी वे हम सबके बीच आज भी लोकप्रिय कथाकार के रूप में जीवित हैं। उन्होंने वास्तव में भारतीय समाज और विशेषकर ग्रामीण समाज को बहुत खूबसूरती के साथ रचा है, जो हमें सोचने के लिए विवश करता है। समाजशास्त्र के डॉ. अनिल कुमार सैनी ने प्रेमचंद को संवेदनाओं का कथाकार बताया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में परिवार नामक संस्था विघटन के दौर से गुजर रही है। ऐसे में प्रेमचंद की कहानियाँ कई प्रकार की समस्याओं से निजात दिलाती है और जोड़ने का कार्य करती हैं।गणित विभाग के डॉ. सूरजपाल सिंह ने कहा कि साहित्य हमें जीना सिखाता है। उन्होंने प्रेमचंद की बड़े घर की बेटी, ईदगाह, पूस की रात, शतरंज, मंदिर मस्जिद और नमक का दारोगा आदि कहानियों का उदाहरण दिया। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के प्रो. विजय कुमार पांडेय ने प्रेमचंद के जीवन पर प्रकाश डाला। वहीं अमित कुमार ने उनके कृतित्व के विषय में विस्तार से बताया और प्रेमचंद की कथाओं पर पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन कर प्रेमचंद और उनके विचारों को समझने का एक सृजनात्मक मार्ग अपनाया। इससे पूर्व हिंदी विभाग के डॉ. खेमकरण सोमन ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विषय प्रवर्तन किया। इस अवसर पर डॉ. संगीता, सिमरन, रिंकी, सिया, शालू यादव, ईशा, इशिका, मोहित, जसविंदर, वंदना, कविता, संगीता, उजमा खान, दिव्या, अंशिका, सोनम और मोहित आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. खेमकरण सोमन ने किया।

## कूड़े का पहाड़ हटने पर रामपाल सिंह का किया स्वागत

किच्छा(उद संवाददाता)। किच्छा रोड पर पिछले लगभग तीस वर्षों से जमा हुए कूड़े का पहाड़ साफ होने पर पूर्वांचल समाज के लोगों ने निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह के शक्ति बिहार स्थित आवास पहुंचकर कर फूल मालाओं से स्वागत किया। पूर्वांचल समाज के लोगों ने निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह स्वागत करते हुए बताया कि रामपाल सिंह ने कूड़े के पहाड़ को हटाने के लिए तत्कालीन नगर आयुक्त जय भारत सिंह के साथ गुजरात, दिल्ली, बड़ौदा,पानीपत जाकर चलते हुए प्लांटो को देखकर ट्रोमल मशीन की स्थापना कर जो भागीरथी प्रयास किए थे आज वो सार्थक सिद्ध हो चुके हैं उनके कार्यकाल में जो टैंडर किया गया था उसी का परिणाम है आज हमारे शहर के बीचों



बीच कूड़े का पहाड़ साफ हुआ है इसमें जय भारत सिंह, रिंकू बिष्ट, विशाल मिश्रा, नरेश चंद्र दुर्गापाल सहित जिलाधिकारी उदयराज सिंह सभी की सकारात्मक सोच के कारण कूड़े का पहाड़ साफ हुआ है। इस अवसर पर किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौहान, राम प्रकाश गुप्ता, राकेश सिंह, हिमांशु शुक्ला, वीरेंद्र तिवारी,नंदलाल शर्मा, दुर्गेश मौर्य, विजय बाजपेई, मुकेश पाल,भुवन गुप्ता, राकेश सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

## बाईक पर गिल्टे तस्करी करता एक गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। वन विभाग की गश्ती टीम ने चौकिंग के दौरान बाइक सवार एक वन तस्कर को गिल्टे तस्करी कर ले जाते पकड़ लिया जबकि उसकबेक साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में कामयाब हो गया। जानकारी के अनुसार प्रभागीय वनाधिकारी, हल्द्वानी वन प्रभाग कुन्दन कुमार, एवं उप प्रभागीय वनाधिकारी, नधौर, ममता चंद के आदेशानुसार वन क्षेत्राधिकारी, नन्धौर, भूपाल सिंह मेहता द्वारा नन्धौर रेंज के नेतृत्व में वनों एवं वन्यजीवों की सुरक्षा हेतु गठित नियमित रात्रि गश्ती टीम द्वारा रात्रि गश्त के दौरान आरक्षित वन क्षेत्र से एक मोटर साईकिल आते हुए दिखाई दी। जिसमें अपराधी गिल्टे लाते हुए दिखाई दिये। गश्ती टीम के सदस्यों



द्वारा उक्त मोटर साईकिल की घेराबंदी कर उसे रोक लिया। इस बीच बाईक सवार एक व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया। एक व्यक्ति को मोटर साईकिल व गिल्टो सहित पकड़कर रेंज कार्यालय लाया गया। उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेजा जहा से उत्त्क अपभियुक्त को अभिरक्षा में भेज दिया गया हैं। टीम में प्रताप सिंह बिष्ट, उप वन क्षेत्राधिकारी, हरीश बरौलिया, वन दरोगा, राजेन्द्र प्रसाद जोशी, कुँवर सिंह गौनिया, वन बीट अधिकारी, सुनील कुमार, किशन सिंह रावत,अनिल कुमार, वन आरक्षी, चन्द्रप्रकाश,वाहन चालक रहे।

## इंस्पिरेशन पब्लिक स्कूल में वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। इंस्पिरेशन पब्लिक स्कूल में अन्तर्सदनीय अंग्रेजी वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता दो वर्गों में विभाजित थी, जिसमें प्रथम वर्ग में कक्षा नौवीं तथा दसवीं के प्रतिभागिओं ने प्रतिभाग किया और द्वितीय वर्ग में कक्षा ग्यारहवीं तथा बारहवीं के प्रतिभाग किया। दोनों वर्गों के लिए वाद-विवाद का विषय क्रमश: 'एक्सपैंडेड यूज ऑफ ए0आई0 गुड फॉर हयूमैनिटी' तथा 'इज द वर्ल्ड पीस पौसीबल' था। चारों सदनों रेड, ग्रीन, ब्लू, यलो के प्रतिभागियों ने अपने पक्ष-विपक्ष में अपने मजबूत तर्क-वितर्क प्रस्तुत करे और प्रक्षेपकों के प्रश्नों का सामना भी बड़ी ही वाक्चातुर्यता से किया। प्रतियोगिता का संचालन कक्षा बारह के नवतेज किरन, कृतिका रावत, कक्षा दस




की आरना मौर्या व कक्षा नौ की कनिष्का काण्डपाल ने किया।प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल के रूप में प्रधानाचार्य, उप-प्रधानाचार्या व श्रीमती प्रेरणा जोशी उपस्थित थे। निर्णायक मण्डल द्वारा चारों सदनों के वक्ताओं का मूल्यांकन विषय की प्रासंगिकता, भाव भंगिमा, लयबद्धता एवं प्रश्नों के उत्तरों की प्रासंगिकता के आधार पर किया गया। विजित सदनों के वक्ता क्रमश: वर्ग 1 में प्रथम स्थान युविका चौहान (ग्रीन हाउस), द्वितीय स्थान अदिति मिश्रा (ब्लू हाउस), प्रकृति पाण्डे (यलो हाउस) एवं तृतीय स्थान आकांक्षा पंत (रेड हाउस) ने प्राप्त किया। इसी क्रम में वर्ग 2 में प्रथम स्थान जिया उल हसन (यलो हाउस ), द्वितीय स्थान यशस्वी भण्डारी (ब्लू हाउस) और तृतीय स्थान शिखा टमटा (यलो हाउस) ने प्राप्त किया तथा चारों सदनों में वर्ग 1 में प्रथम स्थान ग्रीन हाउस, द्वितीय स्थान ब्लू हाउस एवं तृतीय स्थान पर येलो हाउस रहा। वर्ग 2 में प्रथम स्थान यलो हाउस, द्वितीय स्थान ब्लू हाउस एवं तृतीय स्थान पर ग्रीन हाउस रहा। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य व उप-प्रधानाचार्या ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस उपलक्ष में विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएँ उपस्थित थे।

## खाद्य विभाग के सेवानिवृत अधिकारी ने बालिका से दुकान में की छेड़छाड़

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। खाद्य विभाग के एक सेवानिवृत अधिकारी द्वारा महज आठ साल की बच्ची को अपनी दुकान में बुलाकर उससे छेड़छाड़ करने का शर्मनाक मामला सामने आया है। पीड़िता के परिजनों ने पुलिस से आरोपी सेवानिवृत खाद्य विभाग के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार सेवानिवृत्ति के बाद खाद्य विभाग के एक अधिकारी परचून की दुकान चला रहे हैं। आरोप है उसने अपनी सहेलियों के साथ जा रही एक 8 साल की बच्ची को पहले पुचकारा और चॉकलेट देने के बहाने में दुकान के अंदर ले गया। जहां उसने बच्ची के साथ गंदी हरकत शुरू कर दी।परिजनों का आरोप है कि उनकी आठ साल की बच्ची शनिवार दोपहर स्कूल से घर लौट रही थी। उसके साथ उसकी तीन सहेलियों भी थी। घर के पास ही स्थित किराना दुकान पर छात्रा व सहेलिया कुछ सामान खरीदने के लिए रुकी। सामान लेकर अन्य बच्चियों लौट गईं और दुकानदार ने सामान देने के बहाने 8 साल की बच्ची को दुकान में बुला लिया ओर उसके साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी। बच्ची चीखी तो वापस लौटी सहेलियां आवाज सुनकर वापस दौड़ीं। सहेलियों के वापस पहुंचने पर दुकानदार ने उसे छोड़ दिया। बच्ची ने घर पहुंचकर परिजनों को बताया तो उन्होंने पुलिस को सारी बात बताई। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉस्को एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## जीएसटी का पैमाना

अनेक वस्तुओं और सेवाओं पर माल एवं सेवा कर यानी जीएसटी की असंगत दरों को लेकर सवाल उठते रहे हैं। विपक्षी दल अक्सर सरकार पर निशाना साधते हैं, मगर अभी तक इसे लेकर कोई व्यावहारिक और सर्वमान्य पैमाना तय नहीं हो सका है। अब सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने वित्तमंत्री को पत्र लिख कर जीवन एवं स्वास्थ्य बीमा पर से जीएसटी हटाने की मांग की है। फिलहाल इस पर अठारह फीसद जीएसटी लागू है।दरअसल, नागपुर मंडल के बीमा एजेंटों के संघ ने गडकरी को इस संबंध में ज्ञापन सौंपा था। उसी के संदर्भ में उन्होंने वित्तमंत्री से स्वास्थ्य बीमा पर से जीएसटी हटाने की मांग की है। उनका कहना है कि स्वास्थ्य बीमा को सामाजिक सुरक्षा के मद्देनजर सुविधाजनक बनाने की जरूरत है, ताकि बुजुर्गों और दूसरे लोगों को इसका अधिक से अधिक लाभ मिल सके। इससे पहले जून में देश भर के बीमा एजंटों के संघ ने वित्तमंत्री से अपील की थी कि वे बीमा पर से जीएसटी की दरें घटा कर पांच फीसद कर दें, ताकि बीमा ग्राहकों पर इसके मासिक भुगतान का भार कुछ कम हो सके। मगर पिछली जीएसटी की बैठक में इस पर कोई विचार नहीं किया गया। अब सरकार के एक केंद्रीय मंत्री की अपील पर शायद इस दिशा में कोई सकारात्मक नतीजा निकले।बीमा एजंटों का तर्क है कि पिछले पांच वर्षों में स्वास्थ्य और अन्य बीमाओं का 'प्रीमियम' दो गुना बढ़ गया है। जीएसटी लगने से उन पर अतिरिक्त बोझ पड़ता है। इस तरह स्वास्थ्य बीमा के नवीकरण में गिरावट दर्ज हो रही है। स्वास्थ्य बीमा नवीकरण की दर 65 से 75 फीसद तक ही रह गई है। जाहिर है, बीमा का प्रीमियम बढ़ने से बहुत सारे लोग उनका नवीकरण नहीं करा रहे। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि बहुत सारे लोग नया बीमा खरीदने से भी हिचकते होंगे।कुछ महीने पहले सरकार ने स्वास्थ्य बीमा सुविधाओं को व्यापक बनाने के मकसद से इसे सत्तर वर्ष से ऊपर के लोगों के लिए खरीदने का रास्ता भी खोल दिया था। मगर जब बीमा का मासिक भुगतान उनकी क्षमता से बाहर रहेगा, तो भला कैसे वे इसका लाभ उठा पाएंगे। वैसे भी सामाजिक सुरक्षा संबंधी योजनाओं की पहुंच सभी तक नहीं है। नई पेंशन योजना के बाद से बड़ी संख्या में लोगों के पास बढ़ती उम्र में इलाज पर खर्च करने की क्षमता नहीं रह गई है। तिस पर अगर सरकार स्वास्थ्य बीमा को भी उनकी पहुंच से बाहर कर देगी, तो इलाज पर निरंतर बढ़ते खर्च के बीच वे कैसे अपनी स्वास्थ्य देखभाल कर पाएंगे। जीएसटी लागू करते समय दावा किया गया था कि हर वर्ष इसकी दरों में संशोधन होगा और घटते-घटते वे काफी कम हो जाएंगी। मगर इतने वर्षों में अनेक समीक्षाओं के बाद भी जीएसटी की दरों को तर्कसंगत नहीं बनाया जा सका है। शुरू में जब जीएसटी का विचार पेश किया गया था तब इसकी अधिकतम दर अठारह फीसद रखने का वादा था, मगर फिलहाल इस दर के दायरे में ही ज्यादातर वस्तुएं और सेवाएं हैं।

## तीलू रौतेली और आंगनबाड़ी पुरस्कार के लिए मिले कई आवेदन

देहरादून। तीलू रौतेली और आंगनबाड़ी पुरस्कार के लिए महिला सशक्तिकरण और बाल विकास विभाग को जिलास्तरीय आवेदन प्राप्त हो गए हैं। अब राज्यस्तरीय गठित समिति चयन करेगी। पुरस्कार के लिए चयनित पात्र महिलाओं को आठ अगस्त को सम्मानित किया जाएगा। महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि तीलू रौतेली और आंगनबाड़ी पुरस्कार से राज्य सरकार महिलाओं को सम्मानित कर रही है। इस पुरस्कार के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 17 जुलाई थी। उन्होंने कहा कि समिति को चयन में पारदर्शिता बरतने के निर्देश भी दिए गए हैं। कहा कि तीलू रौतेली पुरस्कार विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मान देने का कर रहा कार्य कर रहा है। तीलू रौतेली पुरस्कार के लिए राज्य में हर जिले से तीन- तीन आवेदन आए हैं। आंगनबाड़ी पुरस्कार के लिए सबसे अधिक आवेदन पौड़ी गढ़वाल से 15 आए हैं। अल्मोड़ा से सात, देहरादून छह, हरिद्वार नौ, टिहरी गढ़वाल आठ, नैनीताल नौ, ऊधम सिंह नगर 12, चमोली नौ, बागेश्वर तीन, पिथौरागढ़ नौ, चंपावत तीन, रुद्रप्रयाग, चंपावत, उत्तरकाशी से तीन- तीन आवेदन आए हैं।

# आरक्षण प्रक्रिया मे बड़ा बदलाव

सुप्रीम कोर्ट की सात जजों की बैंच ने अपने एतिहासिक फैसले में अनुसूचित जातियों को मिलने वाले आरक्षण प्रक्रिया मे बड़ा बदलाव करते हुए अनुसूचित जातियों में अति पिछड़ी अनुसूचित जातियों को चिन्हित करके उन्हें फायदा पहुंचाने के लिये कोटा में कोटा का जो आदेश पारित किया है। वह हिन्दुस्तान में लम्बे समय से चल



रही आरक्षण की सियासत में एक मील का पत्थर साबित हो सकता है।अभी इस पर बीजेपी को छोड़कर किसी भी दल के बड़े नेता की प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है,फिलहाल सिर्फ बीजेपी ही अनुसूचित जातियों को कोटे में कोटा देने वाले सुप्रीम कोर्ट के फैसले से गद्गद है और उसके शिक्षा मंत्री धमेन्द्र प्रधान द्वारा इसे सत्य की जीत बताया गया है। सबसे खास बात यह है कि पिछड़ों को मिलने वाले आरक्षण में जैसे क्रिमी लेयर को बाहर रखा जाता था, वैसे ही अब एससी/एसटी को मिलने वाले आरक्षण में भी क्रिमी लेयर लागू होगी। बहरहाल, यूपी में ऐसा ही प्रयास 23 साल पूर्व 2001 में उत्तर प्रदेश की तत्कालीन भाजपा सरकार में मुख्यमंत्री राजनाथ सिंह ने भी किया था,जिस पर राजनाथ सिंह सरकार में ही राज्य मंत्री और शिकोहाबाद से विधायक अशोक यादव अपनी ही सरकार के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट चले गये थे और तब सुप्रीम कोर्ट ने उनके(राजनाथ सरकार) फैसले पर रोक लगा दी थी जिसे अब उसने कानून बना दिया है। अब राजनाथ सिंह मौजूदा केंद्र सरकार में गृहमंत्री हैं। राजनाथ सरकार ने अन्य पिछड़ी जाति और अनुसूचित जाति के समूहों को उप समूहों बांटकर तय आरक्षित कोटे में विभाजन का प्रयास किया था। राजनाथ सरकार ने जो समूह बनाए थे वे आय आधारित क्रीमी लेयर या नॉन क्रीमी लेयर जैसे नहीं थ्थे, बल्कि कई जातियों को आरक्षण के दायरे से ही बाहर करने का प्रयास किया गया था। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने राजनाथ सरकार की कोशिशों पर पानी फेर दिया था, और उनके प्रस्ताव को रद्द कर दिया था। उस समय उत्तर प्रदेश की राजनाथ सिंह सरकार ने पिछड़ी जातियों के 27 फीसदी कोटे में यादव, अहिर और यदुवंशियों का कोटा 5 फीसदी तय किया था, जबकि अनुसूचित जातियों और जनजातियों के 21 फीसदी कोटे में जाटव, चमार और धुसिया जातियों का कोटा 10 फीसदी तय किया ग्गया था। अनुसूचित जनजातियों का कोटा घटा कर दो से एक फीसदी कर दिया गया था, ताकि प्रदेश में कुल कोटा 50 फीसदी तक ही बना रहे। राजनाथ सरकार के फैसले का राजनघैतिक दलों समेत जाति समूहों ने भी कड़ा घ्वरोध किया। सुप्रीम कोर्ट उस फैसले को रद्द कर चुका है, हालांकि राजनाथ सिंह की निजी वेबसाइट पर ये एक उपलब्धि के रूप में दर्ज है। बता दें जून, 2001 में राजनाथ सिंह एक समिति बनाई थी, जिसे उन्होंने 'सामाजिक न्याय समिति' नाम दिया था। यूपी सरकार के तत्कालीन संसदीय कार्य मंत्री हुकुम सिंह को इसका अध्यक्ष बनाया गया था, स्वास्थ्य मंत्री रमापति शास्त्री और विधान परिषद सदस्य दयाराम पाल सदस्य थे। समिति को ये पता करने जिम्मेदारी दी गई थी कि आरक्षण का लाभ उन्हें मिल पा रहा है या नहीं, जिन्हें इनकी आवश्यकता है। समिति को आरक्षण नीति में बदलाव की सिफारिशें देने का निर्देश भी दिया गया था। भाजपा सरकार ने ये फैसला 'आरक्षण नघीतियों की गड़बड़ियां' दूर करने के लिए किया था।सामाजिक न्याय समिति ने 60 दिनों में अपनी रिपोर्ट सौंप दी। भाजपा सरकार ने उसके बाद एक सामाजिक न्याय (30 जुलाई से 6 अगस्त, 2001) सप्ताह मनाया, जिसमें समिति के सुझावों पर राय मांगी गई थ्थी। राजनाथ सरकार ने उस समय सरकार नौकरियों में जातियों के कुल प्रतिनिधित्व का आकलन करने के लिए एक सर्वेक्षण भी कराया था। उस सर्वे के बाद राजनाथ सरकार ने ये नतीजा निकाला था कि आरक्षण अधिकांश लाभ घ्पिछड़ी जातियों में यादवों को और अनुसूचित जातियों में जाटव, चमार और धुसिया को ही मिल रहा है। इन्हीं नतीजों के बाद यादवों और जाटवों को आरक्षण सीघमित कर दिया गया था। दरअसल, हाल में आरक्षण में कोटे में कोटा पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला उस समय आया जब सात जजों की संविधान पीठ ईवी चिन्नैया बनाम आंध्र प्रदेश मामले में 2004 के उसके फैसले पर पुनर्विचार की जरूरत है या नहीं,पर विचार कर रह थी, जिसमें माना गया था कि अनुसूचित जातियों के बीच किसी तरह का उप-विभाजन नहीं हो सकता। ताजा फैसला उन राज्यों के लिए बेहद महत्वपूर्ण साबित होगा जो प्रमुख अनुसूचित जातियों की तुलना में आरक्षण के बावजूद को आरक्षण का व्यापक लाभ देना चाहते हैं। कोर्ट के इस तथ्य पर मुहर लगाने के बाद कि ऐतिहासिक और अनुभवजन्य साक्ष्य यही बताते हैं कि अनुसूचित जातियां एक समरूप वर्ग नहीं हो सकतीं, राज्यों को आरक्षण पर अपने हिसाब से कानून बनाने का मौका मिल सकेगा। उप-वर्गीकरण रणनीति का पंजाब में वाल्मीकि और मजहबी सिखों, आंध्र प्रदेश में मडिगा के अलावा बिहार में पासवान, यूपी में जाटव और तमिलनाडु में अरूंधतिर समुदाय पर सीधा असर पडेगा। इस मामले में शीर्ष कोर्ट की पीठ ने 8 फरवरी 2024 को अपना फैसला सुरक्षित रखा था। उस समय अदालत ने कहा कि उप-वर्गीकरण की अनुमति न देने से ऐसी स्थितियां उत्पन्न होंगी, जिसमें इस वर्ग के सम्पन्न लोग ही सारे लाभ हड़प लेंगे। बता दें इससे पहले, 2004 में पांच न्यायाधीशें की पीठ ने फैसला दिया था कि यह अधिसूचित करने का अधिकार सिर्फ राष्ट्रपति को ही है कि संविधान के अनुच्छेद 341 के तहत किस समुदाय को आरक्षण का लाभ मिल सकता है। राज्यों को इसमें किसी भी तरह के संशोधन का अधिकार नहीं है। तब पांच न्यायाधीशों की संविध न पीठ ने आंध्र प्रदेश सरकार की तरफ से वर्ष 2000 में लाए गए इसी तरह के एक कानून को रद्द कर दिया। ई.वी. चिन्नैया मामले में शीर्ष कोर्ट ने आंध्र प्रदेश अनुसूचित जाति (आरक्षण का युक्तिकरण) अधिनियम, 2000 को समानता के अधिकार का उल्लंघन करार देते हुए रद्द कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट की सात सदस्यीय संविधान पीठ ने जहां छह. एक के बहुमत से एससी.एसटी आरक्षण में कोटे के भीतर कोटे को संविधान सम्मत बताया वहीं चार न्यायाधीशों ने इन वर्गों के आरक्षण में उसी तरह क्रीमी लेयर की व्यवस्था लागू करने की भी आवश्यकता जताई जैसी ओबीसी आरक्षण में है सुप्रीम कोर्ट की सात सदस्यीय संविधान पीठ ने जहां छह.एक के बहुमत से एससी.एसटी आरक्षण में कोटे के भीतर कोटे को संविधानसम्मत बताया वहीं चार न्यायाधीशों ने इन वर्गों के आरक्षण में उसी तरह क्रीमी लेयर की व्यवस्था लागू बात अभी आये सुप्रीम कोर्ट के फैसले की कि जाये तो सुप्रीम कोर्ट की सात सदस्यीय संविध न पीठ ने जहां छह-एक के बहुमत से एससी-एसटी आरक्षण में कोटे के भीतर कोटे को संविधान सम्मत बताया, वहीं चार न्यायाधीशों ने इन वर्गों के आरक्षण में उसी तरह क्रीमी लेयर की व्यवस्था लागू करने की भी आवश्यकता जताई, जैसी ओबीसी आरक्षण में है। सच यह है कि ओबीसी समाज की तरह एससी-एसटी समुदाय में भी कई जातियों की आर्थिक-सामाजिक स्थिति न केवल कहीं कमजोर है, बल्कि उन्हें अपने ही वर्ग की अन्य जातियों से भेदभाव का भी सामना करना पड़ता है। यह एक ऐसी सच्चाई है, जिससे कोई इनकार नहीं कर सकता। यह भी एक तथ्य है कि एससी-एसटी समुदाय में कई जातियां ऐसी हैं, जिन्हें आरक्षण का न के बराबर लाभ मिला है। ऐसा इसलिए हुआ है, क्योंकि आरक्षण का अधिक लाभ इन वर्गों की अपेक्षाकृत समर्थ जातियां उठाती हैं। यही स्थिति ओबीसी में है। कई अति पिछड़ी जातियों तक आरक्षण का लाभ नहीं पहुंचा है। सुप्रीम कोर्ट ने एससी-एसटी आरक्षण में उपवर्गीकरण करने का अधिकार राज्य सरकारों को भी दे दिया है। वैसे सुप्रीम कोर्ट ने इस अधिकार का दुरुपयोग होने की भी आशंका जताई है, क्योंकि सत्तारूढ़ राजनीतिक दल वोट बैंक बनाने के लालच में एससी-एसटी जातियों का मनमाना उपवर्गीकरण कर सकते हैं। ऐसे में यह जरूरी है कि राजनीतिक दलों यह बात अच्छी तरह से समझ लें कि आरक्षण सामाजिक न्याय का जरिया है, न कि वोट बैंक की राजनीति का हथियार। एससी-एसटी समुदाय को दिए जाने वाले आरक्षण में बंटवारा किया जाना इसलिए समय की मांग है, क्योंकि आइएएस-आइपीएस अधिकारियों के बच्चों के बारे में यह नहीं कहा जा सकता कि उनकी स्थिति गांव में रहने वाले भूमिहीन-निर्धन लोगों के बच्चों जैसी है। अच्छा होगा कि एससी-एसटी आरक्षण का उप-वर्गीकरण करने के साथ ही उसमें क्रीमी लेयर का सिद्धांत लागू किया जाए। आरक्षित वर्गों में जो भी अपेक्षाकृत सक्षम और संपन्न हैं, उन्हें आरक्षण का लाभ दिया जाना सामाजिक न्याय की मूल भावना के खिलाफ तो है ही, वंचित-निर्धन लोगों के साथ किया जाने वाला अन्याय भी है। आरक्षण प्रदान करते समय यह देखा ही जाना चाहिए कि उसका लाभ पाने वाला पात्र है या नहीं?

-अजय कुमार,वरिष्ठ पत्रकार

# श्री हरिकिशन धियाईये जिस डिठे सब दुख जाए

## श्री गुरु हरिकिशन साहिब जी के प्रकाश पर्व पर सजा कीर्तन दरबार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। सिख धर्म के आठवें गुरु श्री गुरु हरिकिशन साहिब जी के प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारा रामपुर रोड में भव्य कीर्तन दरबार सजाया गया। श्री सुखमनी साहिब के पाठ से आरंभ हुए कीर्तन दरबार मे गुरुद्वारा नाडा साहिब पंचकूला से आये भाई सिमरनजीत सिंह एवं साथियों ने श्री हरिकिशन धियाईये जिस डिठे सब दुख जाए, सो सतगुरु प्यारा मेरे नाल है आदि गुरबाणी शब्दों का गायन कर संगत को निहाल किया। रुद्रपुर से आये कथा वाचक भाई रेशम सिंह ने गुरु साहिब की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जब 8 वर्ष की अल्प आयु में गुरू हर किशन साहिब जी को गुरुगद्दी मिली। गुरु हर राय जी ने 1661 में गुरु हरकिशन जी को अष्ठम्म गुरू के रूप में स्थापित किया। इस बात से नाराज होकर गुरु हरिकिशन जी के बड़े भाई बाबा राम राय ने अपने हक दिलाने की शिकायत मुगल बादशाह औरंगजेब से की और इस बावत बादशाह ने बाबा राम राय का पक्ष लेते हुए राजा जय सिंह को गुरू हर किशन जी को उनके समक्ष उपस्थित करने का आदेश दिया। राजा जय सिंह ने अपना संदेशवाहक कीरतपुर भेजकर गुरू को दिल्ली लाने का आदेश दिया। पहले तो गुरु साहिब ने अनिच्छा जाहिर की। परन्तु उनके गुरसिखों एवं राजा जय सिंह के बार-बार आग्रह करने पर वो दिल्ली जाने के लिए तैयार हो गये। इसके बाद पंजाब के सभी सामाजिक समूहों ने आकर गुरू साहिब को विदायी दी।उन्होंने गुरू साहिब को अम्बाला केनिकट पंजोखरा गांव तक छोड़ा। इस स्थान पर गुरू साहिब ने लोगों को अपने अपने घर वापिस जाने का आदेश दिया। गुरू साहिब अपने परिवार जनों व कुछ सिखों के साथ दिल्ली के लिए रवाना हुये। परन्तु इस स्थान को छोड़ने से पहले गुरू साहिब ने उस महान ईश्वर प्रदत्त शक्ति का परिचय दिया। लाल चन्द एक हिन्दू साहित्य का प्रखर विद्वान एव आध्यात्मिक पुरुष थे जो इस बात से विचलित थे कि एक बालक को गुरपद कैसे दिया जा सकता है। उनके सामर्थ्य पर शंका करते हुए लालचंद ने गुरू साहिब को गीता के श्लोकों का अर्थ करने की चुनौती दी। गुरू साहिब जी ने चुनौती स्वीकार की। लालचंद अपने साथ एक गूँगे बहरे निशक्त व अनपढ़ व्यक्ति छज्जु झीवर (पानी लाने का काम करने वाला) को लाया। गुरु जी ने छज्जु को सरोवर में स्नान करवाकर बैठाया और उसके सिर पर अपनी छड़ी इंगित कर के उसके मुख से संपूर्ण गीता सार सुनाकर लाल चन्द को हतप्रभ कर दिया। इस स्थान पर आज के समय में एक भव्य गुरुद्वारा सुशोभित है जिसके बारे में लोक मान्यता है कि यहाँ स्नान करके शारीरिक व मानसिक व्याधियों से छुटकारा मिलता है। इसके पश्चात लाल चन्द ने सिख धर्म को अपनाया एवं गुरु साहिब को कुरूक्षेत्र तक छोड़ा। जब गुरू साहिब दिल्ली पहुंचे तो राजा जय सिंह एवं दिल्ली में रहने वाले सिखों ने उनका बड़े ही गर्मजोशी से स्वागत किया। गुरू साहिब को राजा जय सिंह के महल में ठहराया गया। सभी धर्म के लोगों का महल में गुरू साहिब के दर्शन के लिए तांता लग गया। उन्होंने बताया कि इसी दौरान दिल्ली में हैजा व चेचक जैसी बीमारियों का प्रकोप महामारी लेकर आया। मुगल राज जनता के प्रति असंवेदनशील थी। जात पात एवं ऊंच नीच को दरकिनार करते हुए गुरू साहिब ने सभी भारतीय जनों की सेवा का अभियान चलाया। खासकर दिल्ली में रहने वाले मुस्लिम उनकी इस मानवता की सेवा से बहुत प्रभावित हुए एवं वो उन्हें बाला प्रीतम कहकर पुकारने लगे। जनभावना एवं परिस्थितियों को देखते हुए औरंगजेब भी उन्हें नहीं छेड़ सका। दिन रात महामारी से ग्रस्त लोगों



की सेवा करते करते गुरू साहिब अपने आप भी तेज ज्वर से पीड़ित हो गये। जब उनकी हालत कुछ ज्यादा ही गंभीर हो गयी तो उन्होने अपनी माता को अपने पास बुलाया और कहा कि उनका अन्त अब निकट है। जब उन्हें अपने उत्तराधिकारी को नाम लेने के लिए कहा, तो उन्हें केवल बाबा बकाला' का नाम लिया। यह शब्द केवल भविष्य गुरु, गुरू तेगबहादुर साहिब, जो कि पंजाब में ब्यास नदी के किनारे स्थित बकाला गांव में रह रहे थे, के लिए प्रयोग हुआ था। उन्होंने कहा कि अपने अन्त समय में गुरू साहिब सभी लोगों को निर्देश दिया कि कोई भी उनकी मृत्यू पर रोयेगा नहीं। बल्कि गुरूबाणी में लिखे शबदों को गायेंगे। इस प्रकार बाला प्रीतम चौत सूदी 14 (तीसरा वैसाख) बिक्रम सम्वत 1721 (30 मार्च 1664) को वाहेगुरू शबद् का उच्चारण करते हुए ज्योतिजोत समा गये। गुरू गोविन्द साहिब जी ने अपनी श्रद्धाजंलि देते हुए अरदास में दर्ज किया कि श्री हरकिशन धियाइये, जिस डिट्ठे सब दुख जाए। दिल्ली में जिस आवास में वो रहे, वहां एक ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री बंगला साहिब है। गुरमत समागम के साथ गुरु का लंगर अटूट चलता रहा जिसमे सैकड़ों श्रद्धालुओं ने लंगर छका। अध्यक्ष अमरीक सिंह आनंद ने आयी संगत का आभार प्रकट किया। आयोजन में मनप्रीत सिंह सेठी, हरविंदर सिंह आनंद, रंजीत सिंह कोहली, अमरजीत चड्ढा, मनजीत सिंह, सविन्दरपाल सिंघ, हरप्रीत सिंह, भुप्रीत सिंघ, गगनदीप सिंह, इंदरपाल सिंह, अर्जुन, बलवंत सिंह, जसप्रीत चड्ढा, सुरिंदर सिंह, गुरबचन सिंह आदि थे। आयोजन में सिख सेवक जत्था, श्री सुखमनी साहिब सेवा सोसाइटी आदि संस्थाओं के सेवादारों ने सहयोग किया।

# मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का कांग्रेसजनों ने किया विरोध

## दीपक बल्यूटिया और साहू सहित कई कांग्रेसी गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के गत दिवस नगर आगमन पर ड्यूटी कर रहे पुलिस कर्मियों को कांग्रेस कार्यकर्ताओं के विरोध प्रदर्शन से भी जूझना पड़ा। शहर की कई जनसमस्याओं को लेकर के निराकरण के लिए मुख्यमंत्री से मिलने के लिए जा रहे थे। इसी बीच ड्यूटी पर तैनात पुलिस ने उन्हें नैनीताल रोड पर गिरफ्तार कर लिया तथा उन्हें और उनके साथियों को भी पुलिस वाहन में बिठाकर पुलिस चौकी में ले जाया कि हल्द्वानी में फिटनेस सेंटर, जलभराव, दमुवादूंगा की समस्या समेत कई समस्याएं हैं जिन पर न तो शासन का कोई ध्यान है और न ही अफसर कोई गंभीरता दिखा रहे हैं। उन्होने कहा कि लोकतंत्र में सूबे के मुखिया के समक्ष जन



मुख्यमंत्री से मिलने के लिए जा रहे कांग्रेस नेता दीपक बल्यूटिया को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। वहीं हेमंत साहू को पकड़कर उनके आवास पर ही बंद कर दिया। दीपक बल्यूटिया अपने साथियों के साथ हल्द्वानी की दमुवादूंगा, आपदा, जलभराव समेत कई समस्याओं गया। दीपक बल्यूटिया ने कहा कि प्रदेश और हल्द्वानी में अनेकों समस्याएं हैं जिनका अधिकारी समाधान नहीं कर रहे हैं। जिसकी वजह से वह उनसे विशेष मांग करने के लिए मुख्यमंत्री जा रहे थे। लेकिन पुलिस में उनका रास्ता रोककर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। उन्होने कहा समस्याओं को रखने का अधिकार होता है लेकिन वर्तमान समय में लोकतंत्र को बल के सहारे कुचला जा रहा है। दीपक बल्यूटिया ने कहा कि वे शहर की उक्त प्रमुख जनसमस्याओं को लेकर संघर्ष करते रहेंगे। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस नेता हेमंत साहू को भी पुलिस ने कार्यकर्ताओं समेत घर पर नजरबंद कर दिया। इस दौरान उन्होंने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उधर मुख्यमंत्री पुष्कर धामी के हल्द्वानी दौरे का विरोध की तैयारी कर रहे यूथ कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष हेमन्त साहू को भी पुलिस उनके राजपुरा आवास में हाऊस आरेस्ट कर लिया। इस दौरान हेमन्त साहू की अगवाई में कार्यकर्ताओं ने जोरदार नारेबाजी करते हुये मुख्यमंत्री वापस जाओ के नारे लगाए। साहू को होम अरेस्ट करने के लिये पुलिस को कड़ा संघर्ष करना। हेमन्त साहू ने कहा कि राज्य की धामी सरकार आपदा से निपटने पूरी तरह से विफल साबित हो रही है। मुख्यमंत्री को आपदा प्रभावित क्षेत्रों में कैंप करने के बजाय बेवजह के हवाई दौरे कर रहे हैं। युवा बेरोजगारी की मार झेल रहे। राजपुरा में सीवर लाईन का निर्माण न होने की वजह आज भी लोग खुले में शौच को जाने को मजबूर हैं। जबकि वर्षों से सीवर लाईन के निर्माण की मांग की जा रही है। गिरफ्तारी देने वालों में प्रीती आर्या, साहिल राज, मयंक गोस्वामी, नवल आर्या, सचिन राठौर आदि थे।

# कैबिनेट मंत्री से की नगर में प्रेस क्लब निर्माण की मांग

## विभिन्न संगठनों के पत्रकारों ने की सामूहिक वार्ता

सितारगंज (उद संवाददाता)।नगरीय क्षेत्र मे पत्रकारों की सुविधा के लिए प्रेस क्लब निर्माण के लिए विभिन्न संगठनों के पत्रकारों ने कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा के समक्ष एकमत होकर प्रस्ताव रखा। उन्होंने पत्रकारों को आश्वासन दिया है। इस दौरान एसडीएम को आदेशित किया। शनिवार को कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा नवनिर्मित एसडीएम, तहसील के भवनों का शुभारंभ करने पहुंचे थे। कैबिनेट मंत्री के प्रयासों से नवनिर्मित भव्य तहसील का निर्माण हुआ है। इस दौरान नगर के पत्रकार अविनाश श्रीवास्तव, नारायण सिंह रावत, हनीफ बाबा, विक्की चौधरी, रमेश यादव, दीपक भारद्वाज, अहसान अंसारी, कफील अहमद, राहुल आदि ने कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा को बताया कि सितारगंज विधानसभा क्षेत्र के विकास के मामले में प्रदेश की टॉप 3 विधानसभा क्षेत्र में से एक है। इस विधानसभा क्षेत्र में सुविधाजनक भव्य हॉस्पिटल, रोडवेज बस स्टेशन, नवनिर्मित तहसील, आईटीआई कॉलेज जैसी आमजन के लिए हाईटेक सुविधाएं उपलब्ध है। सिर्फ प्रेस क्लब की ही कमी है। प्रेस क्लब नही होने से समस्त पत्रकारों को बैठने, मीटिंग करने आदि के लिए परेशान होना पड़ता है। कैबिनेट मंत्री ने पत्रकारों को आश्वासन दिया। इस दौरान एसडीएम को निर्देशित किया। एसडीएम में मांग करने वाले पत्रकारों से जिला अधिकारी को सामूहिक रूप से मांग पत्र भेजने की जानकारी दी। अब पत्रकार जल्द ही प्रेस क्लब के संबंध में डीएम से मिल सकते है।

# विद्युत पोलों में लीकेज करेंट को रोकने के लिए चलाया अभियान

नैनीताल।अधीक्षण अभियंता विद्युत नवीन मिश्रा ने बताया कि वर्षाकाल में ट्रान्फार्मर, विद्युत पोल आदि पर विभाग द्वारा लीकेज करेंट की जांच का परीक्षण कर जहां लीकेज करेंट पाया जाता है उन स्थानों को दुरूस्त किया जा रहा है ताकि जनहानि को रोका जा सके। श्री मिश्रा ने आमजनता से अपील की है कि विद्युत के पोल या स्टेवायर को न छुयें। इसमें बिजली हो सकती है वर्षाकाल में पोल में बिजली आ सकती है तथा आप दुर्घटनाग्रस्त हो सकते है। बिजली लाईन के पोल के पास अपने पशुओ को न बांधे या इनमें अपने पशुओ को शरीर न रगड़ने दें। वर्षाकाल में पोल गीले होते जिसमें बिजली आ सकती है तथा आपके पशु की मृत्यु भी हो सकती है। उन्होंने कहा अपने घरों मे विद्युत लाईन को खुली ना छोडे तथा विद्युत बोर्ड पर प्लग का अवश्य इस्तेमाल करें तथा घरों, कार्यालयो में विद्युत ग्राउंडिंग अवश्य करें ताकि अत्यधिक विद्युत प्रवाह को रोका जा सकता है।



# हेल्पिंग हैंड्स संस्था ने आयोजित की छात्रवृत्ति प्रतियोगिता

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। हेल्पिंग हँड्स संस्था द्वारा गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी इंटर स्कूल छात्रवृत्ति प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सिटी क्लब में आयोजित इस प्रतियोगिता में नगर के विभिन्न स्कूलों से संस्था समाज के मध्यम व गरीब परिवार के प्रतिभावान विद्यार्थियों की शिक्षा में मदद करती है। प्रतियोगिता में जिन स्कूलों के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया उनमें बाल विकास सरस्वती शिशु मंदिर रम्पुरा, प्रज्ञा भारती जूनियर शहर के विभिन्न विद्यालयों में जरूरतमंद विद्यार्थियों की कार्यक्रमों के माध्यम से सहायता करती है। ताकि ऐसे बच्चों का भविष्य उज्ज्वल हो सके। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता के समापन पर उत्तर पुस्तिकाओं का फंड रेजिंग इवेंट का आयोजन करती है। उन्होंने सभी लोगों से जरूरतमंद विद्यार्थियों की मदद के लिए संस्था से सहयोग करने का आग्रह किया। प्रतियोगिता के दौरान छात्रों को खाना भी वितरित किया गया। इस मौके पर






से आए कक्षा 5,6, 7 और 8 के 125 जरूरतमंद विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। आयोजक संस्था की अध्यक्ष ने बताया प्रतियोगिता में प्रथम विजेता 20 प्रतिशत मेधावी छात्रों को स्कूल फीस छात्रवृत्ति के रूप में हेल्पिंग हैंड्स संस्था द्वारा प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता के माध्यम हाई स्कूल डिबडिबा, विद्या सागर जूनियर हाई स्कूल खेड़ा व सुपर इंटर कॉलेज खेड़ा शामिल हैं। संस्था की सचिव ने बताया कि छात्रवृत्ति प्रतियोगिता परीक्षा के अतिरिक्त बच्चों के शारीरिक तथा बौद्धिक विकास के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाता है। जिसके लिए संस्था विंटर कार्निवल के नाम से सिर्फ एक मूल्यांकन किया जाएगा। जिसमे विजेता छात्र छात्राओं को मेडल के साथ ही साथ उन्हें संस्था द्वारा स्कूल फीस के रूप छात्रवृति प्रदान की जायेगी। संस्था की कोषाध्यक्ष ने बताया कि पूरे वर्ष के जनहित से जुड़े कार्यक्रमों के आयोजन के लिए संस्था हेल्पिंग हैंड्स संस्था की खुशबू अग्रवाल, मानसी गोयल, विदुषी अग्रवाल, नैन्सी बंसल, मानसी खंडेलवाल, जूही गोयल, शिवानी गोयल, राधिका अग्रवाल, सृष्टि मित्तल व नेहा हुरिया सहित विभिन्न विद्यालयों से आए शिक्षक शिक्षिकाए तथा विद्यार्थियों के अभिभावक मौजूद थे।

# जिला पंचायत अध्यक्ष को नहीं हटाने पर उच्च न्यायालय दायर होगी याचिका: सुमन

गदरपुर(उद संवाददाता)। जिला पंचायत अध्यक्ष को हटाए जाने के लिए प्रशासन द्वारा कार्रवाई न किए जाने से रुष्ट जिला पंचायत सदस्य खेमपुर कुमारी सुमन सिंह उच्च न्यायालय की शरण लेंगी । सुमन सिंह ने पंचायती राज विभाग के सचिव को अंतिम नोटिस पत्र देते हुए कार्यवाही की मांग की है। उन्होंने जिला पंचायत अध्यक्ष पर वित्तीय अनियमितताओं एवं वर्क आर्डर जारी न करने का आरोप लगाया था । उन्होंने कहा कि पंचायती राज विभाग जिला पंचायत अध्यक्ष के विरुद्ध वित्तीय एवं अनिमितताओं के आरोपों की जांच करने के लिए अति शीघ्र कार्रवाई करें। उन्होंने कहा यदि पंचायती राज विभाग द्वारा उनकी 15 सूत्रीय मांगों पर विचार करके उचित निर्णय नहीं लिया जाता। तो वे उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल करेंगी।

## पेज एक का शेष...

**प्रदेश में सुशासन और...** फरियादियों को आश्वस्त किया कि उन्हें कतई परेशान होने की जरूरत नहीं है। जल्द से जल्द कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि सुशासन और पारदर्शी कार्य संस्कृति के माध्यम से जन समस्याओं के समाधान के लिए सरकार सतत प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि जनता के हितों की अनदेखी नहीं होने दी जायेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अपणी सरकार पोर्टल के माध्यम से विभिन्न ई सेवाओं को दे रही है। लोगों को इसका लाभ उठाना चाहिए। राज्य में आम लोगों की शिकायतों को लेकर भी मुख्यमंत्री कार्यालय सीध तौर पर मॉनिटरिंग करता है। ऑनलाइन शिकायत के निस्तारण को सुनिश्चित करने के लिए उसकी समीक्षा भी की जाती है। सीएम ने कहा कि जनता की समस्याओं की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जायेगी। जो अधिकारी और कर्मचारी अनावश्यक रूप से लोगों के कामों को लटका रहे हैं, उन पर सख्त कार्रवाई होगी। इस दौरान विभिन्न विभागों के आला अधिकारी एवं पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे। समस्याएं सुनने के बाद सीएम धामी घोड़ाखाल मंदिर के लिए हुए रवाना हो गए।

**अब किच्छा कोतवाल..**कहा गया है कि जहां-जहां भी कोतवाली प्रभारी सुंदरम शर्मा की नियुक्ति की गई वहां कर्मचारियों का उत्पीड़न करने का प्रकरण सामने आया है जो कि जांच का विषय है इसलिए जहां-जहां भी कोतवाली प्रभारी सुंदर शर्मा की नियुक्ति की गई है प्रत्येक थाने ,कोतवाली में जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जानी चाहिए। पत्र के अंत में समस्त कर्मचारी गण पुलिस लिखा गया है जो कि चर्चा का विषय बना हुआ। अब देखना यह है कि पंतनगर थाना इंचार्ज पर जिस तरह से कार्यवाही की गई है अब किच्छा कोतवाली प्रभारी सुंदरम शर्मा पर 20 बिंदुओं के लगे आरोपों पर पुलिस प्रशासन द्वारा क्या कार्रवाई अमल में लाई जाती है या गोपनीय जांच कर इति श्री कर ली जाएगी । सूत्रों की मानें तो कुछ समय पूर्व जांच की जा चुकी है पर जांच में क्या पाया गया यह खुलासा नहीं किया गया।वायरल पत्र के संबंध में जब वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं कोतवाली प्रभारी सुंदरम शर्मा से फोन पर संपर्क किया गया तो दोनों ने ही फोन नही उठाया।

**अनियंत्रित स्कार्पियो....**शंकराचार्य चौक के पास तिरछे पुल पर पहुंची। इसी दौरान कार चालक का कार से अपना नियंत्रण खो बैठा और कार अनियंत्रित होकर पुल की रेलिंग तोड़ते हुए गंगा में जा गिरी। घटना को देखकर राहगिरों के होश उड़ गये। घटना की जानकारी आसपास के लोगों को लगने पर वह मौके पर पहुंचे। जिन्होंने घटना की सूचना पुलिस को देते हुए कुछ साहसी लोगों ने गंगा में उतर कर कार में फंसे चार लोगों को बाहर निकाला। पुलिस के मौके पर पहुंचने पर चारों स्कॉर्पियों कार सवारों को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। कार सवार चारों को मामूली चोट होने पर चिकित्सकों ने उनको उपचार के बाद छुट्टी दे दी।कनखल थाना उपनिरीक्षक धनराम शर्मा ने बताया कि बीती देर रात तिरछे पुल की रेलिंग तोड़ते हुए गंगा में गिरी स्कॉर्पियों कार में सवार चारों लोगों को घटना में मामूली चोटे आयी थी। जिनकी पहचान 28 वर्षीय वरूण , 42 वर्षीय प्रवीन, 26 वर्षीय सुमित और 39 वर्षीरू गौरव निवासीगण मेरठ यूपी के रूप में हुई । जिला अस्पताल से चिकित्सकों द्वारा उपचार देते हुए चारों को छुट्टी देने के बाद चारों ने खुद रात को ही गंगा से स्कॉर्पियों कार निकाल कर चलते बने। जिसकी जानकारी पुलिस को बाद में हुई।

**नाले में बहे...**जिसकी खोजबीन के लिए थाना बनभूलपुरा पुलिस स्थानीय प्रशासन, एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीमें जुटी थी। रविवार को सर्च अभियान चला रही टीम को सफलता मिली और बच्चे का शव लालकुंआ क्षेत्र में मोतीनगर से सटे भगवानपुर सूफी ग्राम पंचायत की एक गूल में बरामद हो गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौके पर एसडीएम परितोष वर्मा, तहसीलदार सचिन कुमार, थाना प्रभारी नीरज भाकुनी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी थे। अधिकारियों ने बताया कि मृतक के परिजनों को नियमानुसार मुआवजा दिया जायेगा।

**विवाह समारोह में ...**अफरातफरी का माहौल बन गया। मामले की जानकारी मिलने पर चौकी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर युवती के दो भाईयों व उनके एक करीबी तथा दूसरे पक्ष के एक युवक को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया। युवती पक्ष के लोगों का आरोप कि इसी बीच एक नेत्री के दबाव में आकर पुलिस ने युवती के भाईयों से मारपीट करने वाले युवक को छोड़ दिया और समझौते के लिए दबाव बनाने लगे। युवती के परिजनों ने पुलिस से जब पकड़े गये परिवार के तीनों युवकों को भी छोड़ने के लिए कहा तो पुलिस ने उन्हें चौकी से बाहर निकाल कर गेट बंद कर दिया। जिससे वहां हंगामा खड़ा हो गया। मध्य रात्रि तक लोग वहां मौजूद रहे। बताया जाता है कि आज दोपहर दोनों पक्षों के बीच हुए लिखित समझौते के बाद पुलिस ने तीनों युवकों को छोड़ा। हुए समझौते को लेकर भी क्षेत्र में कई चर्चाऐं जोरों पर हैं।

**बुजुर्गों को बड़ी...**ने इस साल अपने अंतरिम बजट में दो करोड़ आवास पीएम आवास योजना के तहत बनाने की घोषणा की थी और इनमें से ये भूतल के आवास केवल सीनियर सिटीजन या दिव्यांग गरीबों को देने का प्रावधान किया था। केंद्र सरकार के इसी प्रावधान से प्रेरित होकर उत्तराखंड सरकार ने प्रस्तावित सीनियर सिटिजन हाउसिंग पॉलिसी का तना- बना बुना है और अब इसे मॉडिफाई करके धरातल पर उतरने जा रही है ।जिसके तहत भूतल के मकान सीनियर सिटीजन की जरूरत के हिसाब से खास तौर पर तैयार किए जाएंगे और केवल वृद्ध जनों को ही आवंटित किए जाएंगे।

# मजदूरी मांगने गए मां बेटे पर किया हमला

रूद्रपुर । किए गए काम की मजदूरी मांगने गए मां पुत्र पर ठेकेदार के भाई ने हमला कर उन्हें घायल कर दिया। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई है। बिन्दू कश्यप पुत्र राम चरन निवासी झील कॉलोनी, भूरारानी ने बताया कि वह फौजी मटकोटा निवासी एक ठेकेदार के पास राज मिस्त्री का काम करता है। गत सायं 7:30 वह अपनी माँ कमलेश के साथ ठेकेदार के घर अपनी दिहाड़ी के पन्द्रह हजार रूपये लेने गया। जब उसने ठेकेदार से रूपये माँगे तो वह बोला कि कोई रुपया नहीं दूँगा और मारने पीटने को तैयार हो गया। जब वह माँ के साथ बाइक से वापस आने लगा तो चलती बाइक पर ठेकेदार के छोटे भाई ने चलती हुई बाइक पर लात मारकर हमे रोड पर गिरा दिया। जिससे दोनों को चोटें आईं। बिंदु का आरोप है कि इसी बीच ठेकेदार के भाई ने उसकी जेब में रखा मोबाइल फोन छीन लिया।



# माँ वैष्णो दरबार यात्रा 24 सितम्बर से

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।श्री दुर्गा यात्रा समिति की एक बैठक श्री दुर्गा मंदिर मे सम्पन्न हुई। बैठक मे यात्रा संबंधी निर्णय लिए गये। सवा महीने के कार्यक्रम जारी किये गये। तय किया गया कि 24 सितम्बर को यात्रा श्री दुर्गा मंदिर से प्रातः 7.30 बजे प्रस्थान करेगी। इस वर्ष यात्रा के 33 वर्ष पूरे हो जाएंगे। यात्रा की वापसी 02 अक्टूबर को सायं 5 बजे होगी, जब माँ ज्वाला जी की पावन ज्योति लेकर भक्त गल्ला मंडी पहुंचेंगे। वहा से श्री दुर्गा मंदिर सभा के नेतृत्व मे माँ की पावन ज्योति श्री दुर्गा मंदिर पहुंचेंगी। इस अवसर पर श्री दुर्गा यात्रा समिति के संयोजक वेद ठुकराल, श्री दुर्गा मंदिर सभा की अध्यक्षा रेनू अरोरा, पंडित नवीन शास्त्री,महंत राजीव ठक्कर, सरनी बब्बर, किशन नारंग, विक्की कक्कर, राजीव गंभीर, विपिन अरोरा , अमित दुआ,किशन सुखीजा, राम राजदेव,मनोज सलूजा, देवेंदर कुकरेती आदि उपस्थित थे।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# हरियाली तीज महोत्सव में संगीत की धुन पर थिरकीं महिलाएं

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।वैश्य महिला समिति द्वारा हरियाली तीज महोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जिनमें प्रतिभागी महिलाओं द्वारा गीत संगीत की धुनों पर जमकर नृत्य किया गया। वहीं अनेक प्रतियोगिताओं का भी आयोजन हुआ। तीज क्वीन प्रतियोगिता में नीता गुप्ता प्रथम, द्वितीय स्थान पर किरन गुप्ता व तृतीय स्थान पर नंदनी देवल रही। डांडिया क्वीन में सिमरन कोहली, बेस्ट ड्रेस पुरस्कार की विजेता किरन कश्यप, बेस्ट स्माइल की विजेता रश्मि गुप्ता, बेस्ट हेयर स्टाइल की विजेता सुमन वार्ष्णेय रहीं। महोत्सव में सभी के हाथों में सुंदर सुंदर मेंहदी लगाई गई। प्रतियोगिताओं की निर्णायक मीनू अग्रवाल बिष्ट और खुशी गुप्ता थीं।





कार्यक्रम का संचालन श्वेता पंत और सूरज गोस्वामी ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संरक्षिका सविता लाहोटी, सुचित्रा जायसवाल, अध्यक्ष मंजू वार्ष्णेय, महामंत्री स्नेहलता गुप्ता, कोषाध्यक्ष मनोरमा खण्डेलवाल, मीना वार्ष्णेय, तृप्ति वार्ष्णेय, मधु अग्रवाल, प्रियंका वार्ष्णेय, सुमन वार्ष्णेय, खुशबू जायसवाल सभी का विशेष सहयोग रहा। तीज महोत्सव में बच्चों द्वारा भी बहुत ही सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं महिलाओं द्वारा रैम्प वॉक, डांडिया, तीज क्वीन और बहुत ही सुंदर-सुंदर प्रतियोगिताओं में भाग लिया गया। अध्यक्ष मंजू वार्ष्णेय की अध्यक्षता में तीज महोत्सव का कार्यक्रम इस सत्र का पहला कार्यक्रम सफल हुआ। कार्यक्रम में सभी बच्चों व महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान संरक्षक सुचित्रा जयसवाल, सविता लाहोटी, वैश्य महासभा के अध्यक्ष रामबाबू जयसवाल, संरक्षक सुशील, महामंत्री तनुज गुप्ता, युवा वैश्य महासभा के अध्यक्ष अतुल जायसवाल, महामंत्री कपिल मधु अग्रवाल, महामंत्री स्नेह लता, कोषाध्यक्ष मनोरमा खंडेलवाल, मधु महेश्वरी, नीतू अग्रवाल, विद्या महतोलिया, प्रियंका वार्ष्णेय, सभी व सभी संस्थाओं की बहनें उपस्थित रही।

# जयंती पर स्व. विरेन्द्र सामंती को याद किया

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मण्डी समिति के भूतपूर्व चेयरमैन एवं भाजपा नेता स्वर्गीय विरेन्द्र सामंती की जयंती पर बगवाड़ा में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल समेत तमाम लोगों ने सामंती का भावपूर्ण स्मरण करते हुए उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान युवाओं को विरेन्द्र सिंह सामंती की याद में युवाओं को टीशर्ट भी बांटी गयी। इस दौरान श्री ठुकराल ने कहा कि विरेन्द्र सामंती युवाओं के प्रेरणास्रोत थे। जरूरतमंदों की मदद के लिए वह हमेशा तत्पर रहे। उनके पास मदद के लिए आने वाला कोई भी व्यक्ति कभी खाली नहीं लौटा। श्री ठुकराल ने कहा कि एक दुर्घटना में असमम विरेन्द्र सामंती का निधन हो गया। लेकिन लोगों के दिलों में वह आज भी जिंदा हैं। इस अवसर पर निवर्तमान पार्षद प्रमोद शर्मा, विपिन शर्मा बिट्टू, सी पी यादव, मोर सिंह यादव ,गोविंद साहनी, सत्ता कोली, देवेंद्र प्रजापति, वीरेंद्र सिंह, शोभित चौधरी, नीरज खुग्गर , बंटी कोली, ललित बिष्ट, विशाल मेहरा, संदीप अवस्थ्झी, जगदीश प्रजापति, विक्की, राघव, हैप्पी सिं,ह अंकित शर्मा, टोनू मिश्रा, अविनाश गंगवार, आदि समेत कई लोग मौजूद थे।





# डाक कांवरियों का जत्था रवाना

रूद्रपुर ।ट्रांजिट कैंप नारायण कॉलोनी स्थित राधा कृष्ण मंदिर से हरिद्वार के लिए पवित्र गंगाजल लेने जा रहे डाक कावड़ कांवरियों को समाजसेवी संजय ठुकराल ने हरिद्वार के लिए रवाना किया।श्री ठुकराल ने सभी भोले भक्तों को शुभकामनाएं के साथ रवाना किया। इस दौरान जाने वालों मे पवन राठौर, चेतन जौहरी, सनी जौहरी, सोंटी पांडे, जितेंद्र गंगवार, विनय, रोहित ठाकुर, शिवांग पाल, रचित पांडे, दिव्यांशु



ठाकुर, रोहित कश्यप, सुनील कुमार, रवि कश्यप, विजय, बादल राजपूत, विपिन राजपूत, अक्कू, विशाल गंगवार, प्रमोद कुमार, सचिन कुमार, निलेश अवस्थी, विक्की गंगवार, अनु कटियार, शशिकांत, सौरभ, कुणाल गुप्ता, पंकज शर्मा, विजय राठौड़, अतुल, कमल कश्यप, वीरपाल चंद्रा, गगन ग्रोवर आदि सहित भक्त जन मौजूद थे।

# अश्लील वीडियो बनाकर छात्रा से दोस्त और उसके साथियों ने किया दुष्कर्म

हल्द्वानी। हल्द्वानी में बीए की छात्रा के साथ चार लोगों ने एक साल में कई बार दुष्कर्म किया। अश्लील वीडियो बनाकर उसे कई बार ब्लैकमेल किया। एक साल बाद छात्रा ने अपनी बहन को इसकी जानकारी दी। बहन की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामले में चार युवक समेत एक महिला पर दुष्कर्म, मारपीट, धमकाने समेत आईपीसी की कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शुक्रवार को पुलिस को दी तहरीर में युवती ने बताया कि उसकी छोटी बहन हल्द्वानी में बुआ के घर रहकर स्नातक द्वितीय वर्ष की पढ़ाई कर रही है। बताया कि अगस्त 2023 में बहन का दोस्त नीरज आर्या उसे बातों में उलझाकर नवाबी रोड स्थित किराये के कमरे में ले गया। यहां उससे दुष्कर्म



किया और उसकी अश्लील वीडियो और फोटो भी खींच ली। इसके बाद छात्रा से मारपीट कर वीडियो वायरल करने की धमकी दी और दोस्तों के साथ शारीरिक संबंध बनाने के लिए मजबूर किया। नीरज ने यह वीडियो अपने भाई चंदू आर्या और दोस्त भुवन आर्या को दिखाई। आरोप है कि वीडियो देखने के बाद वायरल करने की धमकी देकर चंदू, भुवन और उनके साथी रोशन ने भी छात्रा से अपनी परिचित महिला सीमा के घर पर दुष्कर्म किया। साथ ही जान से मारने की धमकी दी। मानसिक तनाव में आकर छात्रा ने अपने साथ हुई दरिंदगी की आपबीती बड़ी बहन को बताई। पता चलते ही परिवार वाले कोतवाली पहुंचे। कोतवाली पुलिस ने चार युवक और एक महिला के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया है।

# फाजलपुर महरौला में सड़कों का किया निरीक्षण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भाजपा नेता सुरेश कोली ने नगर निगम के नगर आयुक्त को साथ लेकर फाजलपुर मैहरोला में जल भराव को देखते हुए विभिन्न सड़कों का निरीक्षण किया और नगर निगम के नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल से सभी सड़कों को अतिशीघ्र गड्ढा मुक्त कराए जाने की मांग की। इस दौरान नगर आयुक्त दुर्गा पाल ने विराट मेडिकल से रस्तोगी की घर तक सड़क पर काम ठीक से ना किए जाने पर ठेकेदार की फटकार लगायी और दोबारा सही से काम करने का आदेश दिया। उपस्थित लोगों की शिकायत पर एक पुलिया जो तीन दिन में ही टूट गई थी उसका भी निरीक्षण किया और दुर्गापाल ने पुलिया के तीन दिन में टूट जाने पर संबंधित कर्मचारी एवं अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया। इस दौरान भाजपा नेता सुरेश कोली ने कहा कि प्रदेश में यशस्वी युवा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की जीरो टॉलरेंस की सरकार है जहाँ भ्रष्टाचार को बिलकुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



भाजपा नेता सुरेश कोली ने सभी नगरवासियों से अपील करते हुए कहा कि आप अपने मुख्यमंत्री एवं अपने विधायक पर भरोसा रखें रुद्रपुर महानगर को एक आदर्श एवं सुंदर महानगर बनाने में आप सभी सहयोग करें। इस दौरान मुख्य रूप से ओबीसी मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष उपेन्द्र चौधरी,पूर्व जिला महामंत्री तरुण दत्ता,भाजपा नेता अनुभव चौधरी,नीलकांत, प्रसादी लाल कोली, राजू श्रीवास्तव, सूरज कोली, सत्येन्द्र मौर्या, राहुल दिवाकर, देवेन्द्र रस्तोगी, फूल सिंह, हरीश शर्मा, सुनील कोली, जितेंद्र मोर्य सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

